www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान


1936 सत्य · सार्थक · सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
8 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण



www.vedantalimited.com

# नींव
# एक मजबूत देश की



**तनया पटनायक**
जियोलॉजिस्ट - ज़ावर ग्रुप ऑफ़ माइंस,
हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड

**वेदांता की महिला प्रोफेशनल्स इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी और कई दूसरे फ़ील्ड्स में हर दिन बाधाओं को तोड़ रही हैं।**

- माइनिंग ऑपरेशन्स में महिलाओं को शामिल करने वाली भारत की पहली कंपनी
- पहली ऑल-वीमेन रेस्क्यू, फायर फाइटिंग, क्विक रेस्पॉन्स और फर्स्ट ऐड टीम
- हमारे हर तीन लीडर्स में से एक महिला है
- 2030 तक हमारे वर्क फ़ोर्स में 30% महिलाओं को शामिल करने के लिए संकल्पित

**वेदांता का हर दिन महिलाओं की अजेय शक्ति का प्रमाण है।
ये जश्न आज नहीं, हर दिन का है।**

***#InspireInclusion***
**महिला दिवस की शुभकामनाएं**

**देश की ज़रूरतों के लिए**

**vedanta**
transforming for good

OIL & GAS | ZINC, LEAD & SILVER | ALUMINIUM | COPPER | IRON, STEEL & FERRO ALLOYS | NICKEL | POWER | ELECTRONICS | DISPLAY GLASS

www.livehindustan.com

सत्य • सार्थक • सदैव
1936

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
8 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 59, 20 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण




भारत सरकार

cbc 22201/13/0334/2324



मोदी सरकार की गारंटी

मतलब भव्य इंफ्रास्ट्रक्चर की गारंटी

सबसे लंबा सी-ब्रिज अटल सेतु, दुनिया का
सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज चिनाब

अधिक जानकारी
के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प
विकसित भारत

**सौगात :** कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और ग्रेच्युटी बढ़ी, उज्ज्वला योजना में सिलेंडर पर सब्सिडी मिलती रहेगी

# केंद्र सरकार ने खोला खजाना

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) चार फीसदी बढ़ा दिया है। करीब 50 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनधारकों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर पर तीन सौ रुपये की सब्सिडी वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगी।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुवार को कर्मचारियों व पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि 49.18 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को इस फैसले का फायदा मिलेगा। चार फीसदी लाभ दिए जाने से सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 12,868.72 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। यह लगातार चौथी बार है, जब महंगाई भत्ते में चार फीसदी का इजाफा हुआ है। केंद्रीय कर्मियों को 1 जनवरी 2024 से 50 फीसदी की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान होगा। मार्च के वेतन के साथ इसे दिया जाएगा।

**तीन श्रेणियों में बांटा :** एचआरए बढ़ोतरी के लिए शहरों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। अभी तीनों श्रेणी में कर्मचारियों को क्रमशः 27, 18 और 9 फीसदी एचआरए मिलता है। एक्स श्रेणी के कर्मचारियों का एचआरए बढ़कर 30 फीसदी हो जाएगा। वहीं, वाई श्रेणी का एचआरए 20 फीसदी और जेड श्रेणी में 10 फीसदी हो जाएगा।

**ग्रेच्युटी सीमा में बढ़ोतरी :** ग्रेच्युटी के तहत लाभ में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके तहत मौजूदा सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की गई है।

**कच्चे जूट की एमएसपी में इजाफा किया :** केंद्र सरकार ने 2024-25 के लिए कच्चे जूट की एमएसपी 285 रुपये बढ़ाकर 5,335 रुपये क्विंटल कर दी है। पहले एमएसपी 5050 रुपये थी। कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टीडीएन-3 पहले के टीडी-5 ग्रेड के बराबर) तय करने का निर्णय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में लिया गया। इस फैसले से पूर्वी राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल के किसानों को काफी फायदा होगा।

**गोवा विधानसभा में एसटी के लिए आरक्षण:** कैबिनेट ने गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण तय करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक को लोकसभा चुनावों के बाद होने वाले संसद सत्र में लाया जाएगा। गोयल ने कहा कि अभी गोवा विधानसभा में एसटी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। राज्य के एसटी समुदाय की मांग पर मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व पुनर्निधारण विधेयक 2024 को मंजूरी दी है।



> केंद्र ने केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) चार फीसदी बढ़ा दिया है। यह दो माह के एरियर के साथ मार्च के अंत में वेतन के साथ जुड़कर आएगा। – पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

- कच्चे जूट की एमएसपी में 285 रुपये का इजाफा किया
- अब 5,335 रुपये प्रति कुंतल के दाम पर खरीद होगी

## इंडिया एआई मिशन के लिए 10 हजार करोड़ मंजूर

केंद्र ने कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर क्षमता विकास के लिए इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी है। इस पर अगले पांच सालों में 10372 करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत एआई के विकास के लिए सात क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा।

## राजधानी में गैस सिलेंडर 603 रुपये में ही मिलेगा

केंद्र ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी वर्ष 2024-25 में भी जारी रखने का फैसला किया है। करीब 10 लाख लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इन्हें वर्ष में 12 सिलेंडर पर सब्सिडी मिलेगी। दिल्ली में रसोई गैस सिलेंडर के दाम 903 रुपये है पर योजना के तहत सिलेंडर 603 रुपये में मिलेगा।


## पूर्वोत्तर को भी तोहफा

मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर राज्यों में नई औद्योगिक विकास योजना उन्नति के लिए 10037 करोड़ की मंजूरी दी। योजना का मुख्य उद्देश्य लाभकारी रोजगार उत्पन्न करना है।

## डीए 50 फीसदी होने से हाथ में अधिक वेतन आएगा

**ये भत्ते बढ़ेंगे (मूल वेतन पर % में)**

| | |
|---|---|
| 1. मकान किराया भत्ता | 30% तक |
| 2. बच्चों का शिक्षा भत्ता | 25% |
| 3. परिवहन भत्ता | 25% |
| 4. कैंटीन भत्ता | 25% |
| 5. प्रतिनियुक्ति भत्ता | 25% |
| 6. ग्रेच्युटी लाभ | 25% |



### इतना बढ़ जाएगा वेतन

**1 कम आधार वेतन पर**
अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी का आधार वेतन 18,000 रुपये है तो 50 फीसदी के हिसाब से कुल महंगाई भत्ता बढ़कर 9,000 रुपये हो जाएगा। वहीं, चार फीसदी के अनुसार वेतन में 720 रुपये का इजाफा होगा।

**2 अधिकतम आधार वेतन पर**
वहीं, 56,900 रुपये के आधार वेतन पर 50 फीसदी के अनुसार डीए 28,450 रुपये हो जाएगा। चार फीसदी डीए बढ़ने से वेतन में 2,276 रुपये की वृद्धि होगी।

**राहत :** 

# दिल्ली में बिजली बिल पर छूट सालभर बढ़ी


नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली में मुफ्त बिजली योजना 31 मार्च 2025 तक जारी रहेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगी।

केजरीवाल ने दिल्लीवालों को बधाई देते हुए ट्वीट कर कहा कि कई लोगों के मन में संशय था कि अगले साल मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी या नहीं। विपक्ष ने इसे रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन हमने इस काम को करवा लिया है। अब दिल्लीवालों को 24 घंटे बिजली और मुफ्त बिजली योजना 31 मार्च 2025 तक के लिए बढ़ा दी गई है। इसमें वकीलों के चैंबर के अलावा किसानों, 1984 सिख दंगा पीड़ितों को मिल रही सब्सिडी भी शामिल है।

वहीं, ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि सरकार राजधानी में मुफ्त बिजली के वादे को पिछले नौ वर्ष से पूरा करती आ रही है। दिल्ली इकलौता ऐसा राज्य है, जहां 22 लाख परिवारों का बिजली का बिल जीरो आता है।

## बीते पांच साल में बिजली सब्सिडी पर खर्च

(खर्च करोड़ रुपये में)





स्रोत : आर्थिक सर्वेक्षण 2024

**सभी श्रेणियों को मिले सब्सिडी-भाजपा :** दिल्ली भाजपा ने बिजली पर सब्सिडी योजना को आगे बढ़ाने का स्वागत करते हुए मांग की कि हर श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए।

70+ YEARS OF TRUST

Dr Lal PathLabs



अपने स्वास्थ्य पर खर्च करें।
पैसों की बचत करें।

कोई भी SwasthFit पैकेज बुक करें
और धारा 80D के तहत ₹5000 तक का टैक्स बेनेफिट पायें।

SwasthFit™
Complete Package (82 Test Parameters)
Tests Include
• Sugar Fasting • Thyroid Profile Total • Lipid Profile Screen • LFT
• KFT • HbA1c • Vitamin-D • Vitamin-B12 • Hemogram (CBC + ESR)
• Urine R/E • Iron studies • Apo A1 & B • HsCRP • Amylase.

डॉ. लाल पैथलैब्स के फायदे
तुरंत सैंपल कलेक्शन | समय पर रिपोर्ट की डिलीवरी | पर्सनलाइज्ड एनालिसिस के साथ स्मार्ट रिपोर्ट | रिपोर्ट में कोई कमी नहीं

टैक्स बेनेफिट्स का लाभ कैसे उठायें?
1 अपने लिए, जीवनसाथी, बच्चों, माता-पिता के लिए टेस्ट बुक करें।
2 इनवॉइस को अपने साथ रखें।
3 धारा 80D के तहत टैक्स बेनेफिट का लाभ उठायें।
*नियम व शर्तें लागू। पुरानी व्यवस्था के तहत इनकम टैक्स स्लैब देखें।

Scan to download our app
011-49885050 | www.lalpathlabs.com
*Price for Delhi NCR only. For city specific price, call us / walk-in to nearest centre. Doctor consultation recommended before booking test. T&C apply.

एलआईसी पॉलिसीधारक
कृपया ध्यान दें



आपकी पॉलिसी की राशि को आपका इंतज़ार हो सकता है

आपकी पॉलिसी की राशि पाने के दो चरण*:
1. अपने बैंक खाते की जानकारी अपडेट करें
2. अपना केवाईसी सबमिट करें

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
विज़िट करें: licindia.in

*इसे ऑनलाइन भी किया जा सकता है, शर्तें लागू
अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

LIC/R1/2023-24/14/HIN

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
8 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण




प्रधानमंत्री बोले, अनुच्छेद-370 खत्म होने के बाद तेजी से विकास हो रहा

# खुलकर सांस ले रहा जम्मू-कश्मीर : मोदी

**श्रीनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 के हटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला कश्मीर का दौरा था।

मोदी ने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद-370 पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। मोदी ने रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

**कई दशकों से था इंतजार :** मोदी ने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। अब जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है और चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

**विकास को बल मिलेगा :** 5,000 करोड़ का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर खुश हैं। आज जो विकास परियोजनाएं समर्पित की जा रही हैं, उनसे जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। मोदी ने नवनियुक्त लगभग एक हजार सरकारी कर्मियोंको नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, लखपति दीदियों, किसानों, उद्यमियों सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

› बदला जम्मू-कश्मीर P12



श्रीनगर में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

**43** परियोजनाएं पर्यटन से जुड़ी शुरू कीं प्रधानमंत्री मोदी ने

**05** हजार करोड़ का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम शुरू

### ये योजनाएं शुरू हुईं

1. स्वदेश दर्शन, प्रसाद योजना के तहत 14,00 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया
2. प्रसाद योजना धार्मिक स्थल पुनरुद्धार और आध्यात्मकि विरासत को प्रोत्साहन देने का अभियान है
3. प्रधानमंत्री ने 'देखो अपना देश' और 'चलो इंडिया' अभियान भी शुरू किए

### कश्मीर को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाएं

मोदी ने अपने संबोधन में लोगों से कश्मीर को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटक बढ़ेंगे। एक समय लोग कहते थे कि पर्यटन के लिए जम्मू-कश्मीर कौन जाएगा? लेकिन आज जम्मू-कश्मीर में पर्यटन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है।

### पर्यटन केंद्र बनेगा कश्मीर

मोदी ने कहा कि विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन संभावनाओं और किसानों के सशक्तीकरण से निकलेगा। यह केवल एक क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत का मस्तक है। ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है।

# फैसला : अंकित सक्सेना हत्याकांड में तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला थाना क्षेत्र में सरेराह हुई अंकित सक्सेना की हत्या के मामले में छह साल बाद अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने मोहम्मद सलीम, अकबर अली और उसकी पत्नी शहनाज बेगम को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही, तीनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह रकम अंकित के परिवार को दी जाएगी।

एडिशनल सेशन जज सुनील कुमार शर्मा की अदालत ने वैज्ञानिक साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही पर भरोसा जताते हुए 23 दिसंबर, 2023 को तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। तीस हजारी कोर्ट ने इस केस में मोहम्मद सलीम, अकबर अली और उसकी पत्नी शहनाज बेगम को आईपीसी की धारा 302(हत्या) और 34 के तहत दोषी करार दिया। अब इन तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

अदालत ने कहा कि इन तीनों दोषियों के आपराधिक रिकॉर्ड और उम्र को देखते हुए फांसी की सजा नहीं दी गई। छह साल तक चले ट्रायल में अभियोजन पक्ष यह साबित करने में कामयाब रहा कि दोषियों ने योजनाबद्ध तरीके से मिलकर हत्या की थी।

› नरमी बरती P04

### छह वर्ष पहले प्रेम संबंधों में हुई थी हत्या



अंकित सक्सेना • फाइल फोटो

एक फरवरी, 2018 को 23 वर्षीय अंकित सक्सेना की हत्या कर दी गई थी। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, अंकित की प्रेमिका के परिवार ने रघुबीर नगर में वारदात की थी। अंकित के अकबर अली और शहनाज बेगम की बेटी से प्रेम संबंध थे। दोषी इस रिश्ते के खिलाफ थे। तीसरा दोषी उसकी प्रेमिका का चाचा है। तीनों ने बीच सड़क गला काटकर अंकित की हत्या कर दी थी।

## ईडी के समन मामले में केजरीवाल को कोर्ट ने तलब किया

**नई दिल्ली, व. सं.।** कथित आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत पर अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ समन जारी किया है। एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा की कोर्ट ने मुख्यमंत्री को 16 मार्च को पेश होने के लिए कहा है।

निदेशालय ने बुधवार को ईडी द्वारा जारी समन की अवमानना करने के मामले में यह शिकायत दी थी। ईडी ने पहले याचिका दायर कर दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में केजरीवाल को जारी किए गए पहले तीन समन में शामिल नहीं होने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी। अदालत ने इस मामले को भी 16 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में भारतीयों को भेजने वाला गिरोह पकड़ा

- जबरदस्ती और उच्च वेतन का झांसा देकर भेजते थे
- दस से ज्यादा स्थानों पर छापे, कई हिरासत में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। विदेशों में नौकरी दिलाने की आड़ में जबरन भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाया जाता था।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एजेंसी ने सात शहरों में 10 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी ने विभिन्न वीजा परामर्श फर्मों और एजेंटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और 50 लाख रुपये जब्त किए गए हैं। सीबीआई ने कहा कि ये तस्कर एक संगठित नेटवर्क के रूप में काम कर रहे हैं और यूट्यूब आदि जैसे सोशल मीडिया चैनलों और अपने स्थानीय संपर्कों/एजेंटों के माध्यम से भारतीय नागरिकों को रूस में उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए लुभा रहे थे।

जांच एजेंसी ने बताया कि इन लोगों ने अभी तक 35 लोगों को रूस और यूक्रेन भेजा है। सीबीआई ने दिल्ली, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़ आदि शहरों में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ तलाशी ली। एजेंसी ने आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड जैसे लैपटॉप, मोबाइल, डेस्कटॉप, सीसीटीवी फुटेज आदि जब्त कर लिए हैं।

› तस्करी का जाल P12

## प्रमुख पांच

### ई-वाहनों को 31 मार्च के बाद सब्सिडी नहीं

**1** इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चल रही फेम-2 योजना को सरकार 31 मार्च से आगे नहीं बढ़ाएगी। P13

### सोना ₹500 चढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**2** दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। P13

### किसान की मौत मामले की न्यायिक जांच होगी

**3** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने खनौरी सीमा पर किसान की मौत मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। P12

### नकली दवा बेचने वाला गिरोह पकड़ा

**4** दिल्ली पुलिस ने नकली दवाएं बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दस लोगों को गिरफ्तार किया है। P02

### बेटियों को हासिल होने लगी उड़ान

**5** आइए, इस महिला दिवस पर उन स्त्रियों के साहस को सम्मानित करें, जो हमारे इर्द-गिर्द रहती हैं और अपने-अपने तरीके से रोजाना संघर्ष करके स्थितियां बदल रही हैं।



अनिता भटनागर जैन P10

Join Magazine Group @ ₹60/m WhatsApp To 8969469464

Vision IAS Monthly Current Affairs, Drishti IAS Current Affairs,
Next IAS Current Affairs, SHIELD Current Affairs, Shankar IAS Current Affairs,
संस्कृति IAS Current Affairs, Hindu Monthly Review, Pratiyogita Darpan,
प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण, सक्सेस मिरर, Yojana, Kurukshetra, योजना, कुरुक्षेत्र,
Employment News, रोजगार समाचार, Frontline, Forbes, Dalal Street Investment Journal,
Down to Earth, India Today, The Week, Economic and political weekly, Outlook,
The Economist, इंडिया टुडे, गृहशोभा, चंपक, The Caravan, Hotelier, Vanita (Hindi, Malayalam)

(अगर और कोई मैगजीन चाहिए तो डिमांड करे उपलब्ध करा दिया जाएगा)

..............................................................................................

Join Epaper Group @ ₹30/m WhatsApp To 8969469464
राष्ट्रीय संस्करण (National Group)

Hindu, Indian Express, Business Line, Business Standard, Economic Times, Financial Express, Editorial
Times Of India, Mid-Day, Hindustan Times, Mint, Asian Age, Tribune, Deccan Chronicle, Eastern Chronicle,
Telegraph, The Daily Guardian, The Business Guardian, Millennium Post, First India, Hans, Statesman,
Free Press Journal, Pioneer, The New Indian Express, Mirror Bangalore, Telangana Today, Punjabi Tribune,
The Daily Excelsior, The News Now, Sangai Express, The Meghalayan Gaurdian, Daily Jammu Jottings,
The Hills Times, Salar, The Excel Express, Nagaland Post, The Himalayan Mail, YugMarg, Tripura Times,
Tripura Observer, The Mizoram Post,Samaja, Inquilab, Malayalam Manorama, राष्ट्रीय जागरण, हिंदूस्तान , जनसत्ता दिल्ली,
नव भारत टाइम्स दिल्ली, अमर उजाला, बिजनेस स्टैंडर्ड, पत्रिका,
दैनिक भास्कर, राष्ट्रीय सहारा, प्रभात खबर , हरिभूमि दिल्ली, देशबन्धु, संपादकीय हिंदी

..............................................................................................

Up Zone Group For All UP District EPapers (हिंदूस्तान, अमर उजाला, जागरण)

..............................................................................................

Bihar Zone Group For All Bihar District EPapers (हिंदूस्तान, प्रभात खबर, जागरण)

..............................................................................................

Rest India Zone Group For Others District Of India EPapers

## काम की खबरें

### 1 डीयू पाठ्यक्रम में हैपीनेस कोर्स शामिल होगा

डीयू अपने पाठ्यक्रम में हैपीनेस कोर्स शामिल करेगा। इस बाबत गुरुवार को एक समझौता रेखी फाउंडेशन फॉर हैपीनेस और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच हुआ। इसमें 5 कॉलेजों के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुए।

### 2 पीपर रोड स्टेशन पर गाड़ी को अस्थायी ठहराव

सराय रोहिल्ला से जोधपुर के बीच चलने वाली गाड़ी को पीपर रोड स्टेशन पर अस्थायी ठहराव दिया है। गाड़ी संख्या 22481/82 जोधपुर से आते समय शाम 7:20 बजे, जबकि सराय रोहिल्ला से जाते समय सुबह 8.22 बजे पीपरी स्टेशन पर रुकेगी। दोनों दिशाओं में दो मिनट रुकेगी।

### 3 होली पर बनारस तक दो स्पेशल रेलगाड़ियां चलेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिल्ली से बनारस, जम्मू से बनारस के बीच दो होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। दिल्ली-बनारस स्पेशल ट्रेन का स्टापेज गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर दिया है। 21 मार्च से प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 7:30 बजे चलेगी।

### 4 एम्स के झज्जर में न्यूक्लियर मेडिसिन थेरेपी वार्ड बनेगा

एम्स झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में देश का सबसे बड़ा रेडियोआइसोटोप न्यूक्लियर मेडिसिन थेरेपी वार्ड बनाया जा रहा है। कैंसर के मरीजों के लिए यह वार्ड बनकर तैयार है, केवल परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। इस वार्ड में कुल 21 बेड होंगे।

### 5 टनकपुर से राजस्थान के लिए 22 से चलेगी ट्रेन

टनकपुर से राजस्थान के लिए 22 मार्च से होली स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। शाम 6:25 बजे टनकपुर रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन राजस्थान के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी आदि स्टेशन पर रुकेगी।

## आज का मौसम

27.0° अधिकतम | 09.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:39 | सूर्यास्त : 18:24

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्के बादल छाए रहेंगे।

## शहर 30s



दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को कपड़ा कला की एक अनूठी भित्ति चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। • हिन्दुस्तान

### देश की विरासत कला से दर्शायी

नई दिल्ली। इंडिया हैबिटेट सेंटर में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कपड़ा कला की एक अनूठी भित्ति चित्रों की प्रदर्शनी शुरू की गई। भारत के संविधान की कलात्मक प्रशंसा में, नेशनल फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एनएफआई) देश की महिला कारीगरों के साथ हमारी विरासत का दिल्ली संस्करण शुरू किया। हैंड फॉर हैंडमेड फाउंडेशन की इस पहल में कई संगठनों ने हिस्सा लिया। 75 कलाकार अपनी कृतियों के साथ एक मंच पर एकत्रित हुए।

### एयरपोर्ट पुलिस ने कबूतरबाज को दबोचा

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने डंकी के माध्यम से लोगों को मलेशिया भेजने वाले एक कबूतरबाज को दिल्ली से गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान वरिन्द्र सिंह के रूप में हुई। आरोपी यात्री को विदेश भेजने के लिए फर्जी मुहर का इस्तेमाल करता था। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, 10 जनवरी को आकाशदीप सिंह नामक यात्री बैंकॉक से डिपोर्ट होकर आईजीआई एयरपोर्ट आया था। इसके पासपोर्ट पर मलेशिया की फर्जी मुहर लगी थी।

### कैब चालक को लूटने वाले दो बदमाश पकड़े

नई दिल्ली। वसंत विहार थाना पुलिस ने बुधवार को एक बदमाश गांगुली राय को उसके नाबालिग साथी के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को निर्यात भवन के पास कैब चालक से लूट की सूचना मिली थी। पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने पालम जाने के लिए कैब बुक थी। यात्रा के दौरान उसे पिस्तौल दिखाकर लूट लिया। पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी और रैपिडो से कैब की बुकिंग जानकारी जुटाई। इसके बाद बदमाशों को दबोच लिया।

### कार्यकारी समिति की बैठक आज होगी

नई दिल्ली। डीयू में आज कार्यकारी समिति (ईसी) की बैठक होगी, जिसमें कई प्रस्तावों पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से दो एमफिल के पाठ्यक्रमों के विस्तार, परीक्षा में विशेष अवसर देने और अंतिम वर्ष के छात्रों को 10 अतिरिक्त अंक देने के प्रस्ताव पर सहमति बन सकती है। डीयू ने ईसी के एजेंडे को संबंधित सदस्यों को भेज दिया था, जिस पर शुक्रवार को चर्चा होगी।

### आईटीआई में वेल्डिंग और रोबोटिक लैब शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मयूर विहार स्थित आईटीआई संस्थान में आधुनिक वेल्डिंग और रोबोटिक लैब की शुरुआत की है। गुरुवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका उद्घाटन किया। लैब में अत्याधुनिक मशीनों के जरिए छात्रों को कौशल विकास का हुनर सिखाया जाएगा। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आईटीआई के एंबेसडरों के साथ भी मुलाकात की। आतिशी ने कहा कि वर्ल्ड क्लास मशीनेंयहां पढ़ने वाले छात्रों के लिए कई नए अवसर तैयार करेगी।

अदालत ने दोषियों पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया, कहा- अधिकतम सजा के लिए दुर्लभतम मामला होना जरूरी

# आयु और आपराधिक इतिहास नहीं होने से कोर्ट ने नरमी बरती



**अंकित को इंसाफ**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। तीस हजारी स्थित एडिशनल सेशन जज सुनील कुमार शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दिए अपने आदेश में तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया कि इस मामले में मृत्युदंड क्यों नहीं दिया गया।

आदेश में अदालत ने कहा कि दोषियों को दी गई सजा से यह स्पष्ट होना चाहिए कि अदालत अपराधियों के खिलाफ समाज के न्याय के लिए आवाज पर प्रत्युतर दे रही है।

अदालत ने कहा कि घटना के समय तीनों दोषियों की उम्र 43, 40 और 40 साल थी। इस उम्र में भी इन तीनों के खिलाफ कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इसके अलावा कोई नशे की स्थिति भी नहीं है। बीते छह सालों से तीनों दोषी न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश में हॉरर किलिंग के दौरान ही एक परिवार के छह लोगों की हत्या कर दी गई थी।

अदालत ने इस मामले में भी दोषियों को 20 वर्ष की सजा सुनाई थी। अदालत ने इसे दुर्लभ मामला मानने से इनकार करते हुए अपने आदेश में कहा कि अधिकतम सजा के लिए दुर्लभतम मामला होना जरूरी है। अदालत को न केवल पीड़ित परिवार के अधिकारों को देखना होगा, बल्कि दोषियों के भी अधिकारों का ध्यान रखते हुए न्यायिक सामंजस्य बनाना होगा।

**इन धाराओं में सजा मिली :** मोहम्मद सलीम, अकबर अली और शहनाज बेगम को आईपीसी 302 और 34 के लिए आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना न चुकाने पर छह माह सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, आईपीसी 323 के लिए तीन महीने का कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना न चुकाने पर 15 दिन सश्रम कारावास होगा।

**आखिरी वक्त में भी लड़की की ही चिंता कर रहा था :** अंकित के दोस्त नितिन की गवाही भी दर्ज की गई थी। उसने बताया कि घटना वाले दिन अंकित ने उसे कहा था कि लड़की टैगौर गार्डन मेट्रो स्टेशन पर है, वहां जाकर उसे ख्याला थाने लेकर चला जाए। इस बीच अंकित का गला काट दिया गया। वह लड़की को लेकर थाने चला गया।




हत्या के बाद लोगों ने सड़कों पर इंसाफ की गुहार लगाई थी। • हिन्दुस्तान आर्काइव

**प्रेमिका ने बयान में स्वीकार किया कि बचाने आया था**

अंकित की प्रेमिका ने अपने प्राथमिक बयान में स्वीकार किया था कि अंकित से वह लंबे समय से परिचय में थी। घटना से पहले ही परिवार दूसरी जगह रहने चला गया था। घटना के दिन भी दोनों के बीच फोन पर बात हो रही थी। परेशानी में होने की बात सुनकर ही अंकित उसे बचाने के लिए पहुंचा था, जहां उसके परिवार ने उसे घेर लिया। हालांकि, बाद में लड़की ने बचाव पक्ष की तरफ से गवाह के तौर पर गवाही दी थी।

### मां बोली- फांसी की सजा के लिए हाईकोर्ट जाऊंगी

अंकित सक्सेना हत्याकांड मामले में दोषियों की सजा पर पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है। मां कमलेश सक्सेना ने कहा कि दोषियों को मृत्युदंड की सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए वह उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। दोषियों ने बेहद निर्ममता से बीच सड़क पर अंकित की गला रेतकर हत्या की थी। यह एक दुर्लभतम केस है। एक फरवरी 2018 को मां के सामने उनके बेटे की हत्या कर दी गई थी।

### घटना से एक माह पहले परिवार ने बदला मकान

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पहले दोषी ठहराए गए लोग और अंकित का परिवार एक ही गली में रहता था। घटना से एक महीने पहले ही लड़की के परिवार ने ए ब्लॉक से मकान बदलकर बी ब्लॉक में लिया था। पड़ोसियों की गवाही के अनुसार अंकित और लड़की के संबंधों के चलते ही उन्होंने मकान बदलने का फैसला लिया था। युवक की हत्या के कुछ दिन बाद पिता का भी निधन हो गया था।

### कब क्या हुआ

- **1 फरवरी 2018** रघुवीर नगर में रात आठ बजे के करीब 23 वर्षीय अंकित सक्सेना की गला काटकर हत्या कर दी गई थी
- **अप्रैल 2018** दिल्ली पुलिस ने परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ तीस हजारी अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया
- **3 मई 2018** अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए सुनवाई के लिए सत्र अदालत में स्थानान्तरित किया
- **25 मई 2018** सत्र अदालत ने आरोपियों पर हत्या, हत्या की साजिश और मारपीट की धाराओं के तहत आरोप तय किए
- **9 दिसंबर 2023** सत्र अदालत ने तीनों आरोपियों के खिलाफ फैसला सुरक्षित रखा
- **4 जनवरी 2024** सत्र अदालत ने तीनों आरोपियों को हत्या, एक इरादे से हत्या और महिला को मारपीट के तहत दोषी करार दिया
- **7 मार्च 2024** सत्र अदालत ने तीनों आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई

## रामलाल कॉलेज को उड़ाने की धमकी

**अफरातफरी**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली। हालांकि, जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। साइबर थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीण ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9:34 बजे कॉलेज के एक कर्मचारी को व्हाट्सऐप पर बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। सूचना मिलते ही आला अधिकारी, पुलिस, दमकल विभाग, बम निरोधक दस्ता, कैट्स एंबुलेंस और अन्य विभाग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में परिसर को खाली कराया गया। गहनता से जांच की गई, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

इससे पहले अन्य स्कूलों को **धमकी मिली थी :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले 12 फरवरी को दिल्ली के पुष्प विहार स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दो फरवरी को भी आरकेपुरम स्थित डीपीएस में बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, लेकिन बाद में कॉल हॉक्स निकली थी।

**कक्षाएं आज से निर्धारित समय से चलेंगी**

डीयू साउथ कैंपस के रामलाल आनंद कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आरके गुप्ता ने बताया कि सुरक्षा कारणों से बच्चों को घर भेज दिया गया था और बाकी स्टाफ भी बाहर आ गया था। शुक्रवार से निर्धारित समय से कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। बता दें कि पूर्व में भी निजी स्कूलों में बम की अफवाह सामने आ चुकी है, लेकिन डीयू के किसी कॉलेज में इस तरह का पहला मामला है।

## सेक्सटॉर्शन में दो जालसाज दबोचे

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। पूर्वी दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने 71 वर्षीय चिकित्सक से 8.6 लाख के सेक्सटॉर्शन मामले में एक गिरोह का पर्दाफाश कर दो जालसाजों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान राजस्थान निवासी महफूज और आमिर खान के रूप में हुई।।

पीड़ित बुजुर्ग पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक हैं। 13 जुलाई 2023 को उनके व्हाट्सऐप पर एक वीडियो कॉल आई, जिसमें एक महिला कपड़े उतारने लगी। आरोपियों ने इस वीडियो को वायरल करने के नाम पर ठगी की थी।

## दिल्ली के कारोबारी से साढ़े पांच किलो सोना लूटा

**बेखौफ बदमाश**

नई दिल्ली/पटना, मुख्य संवाददाता। बिहार की राजधानी पटना के अतिव्यस्त फ्रेजर रोड में अपराधियों ने गुरुवार की दोपहर दिल्ली स्थित करोलबाग के सोना व्यापारी से करीब साढ़े पांच किलो सोने के गहने लूट लिए।

लूटपाट के विरोध पर अपराधियों ने अंसार अली और उनके पुत्र एहतेशाम (15 वर्ष) पर फायरिंग भी की। एहतेशाम की बांह मे गोली लगी है और उसे इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया। लूटे गए सोने की कीमत तीन करोड़ 70 लाख रुपये आंकी गई है।

वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र के फ्रेजर रोड पर पटना जंक्शन और डाकबंगला चौराहा के बीच होटल सम्राट इंटरनेशनल के ठीक सामने दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर हुई। पीड़ित सोना व्यवसायी मूलरूप से कोलकाता के हुगली के रहने वाले हैं। दिल्ली के करोलबाग इलाके में वे कारोबार करने के साथ ही अलग-अलग राज्यों में सप्लाई भी करते हैं।

**अपराधी बोले- बकाया क्यों नहीं दे रहे**

पीड़ित ने बताया कि वे मंगलवार को बस से पटना आये थे। सड़क पर ऑटो का इंतजार कर ही रहे थे कि तब तक दो बाइक पर सवार चार अपराधी वहां आ धमके। उन्होंने कहा- 'तुम्हारा पैसा बकाया है'। तुम् क्यों नहीं पैसा दे रहे हो'। यह सुनकर व्यवसायी ने जवाब दिया- 'कैसा पैसा बकाया। मेरा कहीं किसी का पैसा बकाया नहीं है'। इतना कहते ही एक अपराधी उनके हाथ से सोने से भरा बैग छीनने लगा। उन्होंने विरोध किया तो गोली मार दी।



पटना में गुरुवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे पीड़ित।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को गोली लगी, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। छावला के पपरावत गांव में बुधवार शाम मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान सतीश उर्फ साका और सोनू के रूप में हुई। आरोपियों से दो पिस्तौल, कारतूस और एक बाइक बरामद हुई। दोनों कुख्यात गैंगस्टर मेनपाल के सहयोगी हैं, जिस पर 7 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने छावला इलाके में एक शख्स से सोने की चेन और मोबाइल लूटा था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

उधर, उत्तरी-जिला पुलिस ने लालकिला के समीप मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान जहांगीरपुरी निवासी सुरेश उर्फ पवन उर्फ मर्डरी और यूपी के शाहजहांपुर निवासी मोनू सिंह के रूप में हुई।

## वाहन चोर गिरोह के पांच आरोपी धरे

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने मंगलवार को अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के पांच बदमाशों को पकड़ा है। इनमें आरोपी विजयपाल, हेम सिंह, अंसार, साबिर खान और मनीष खान शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से 10 दोपहिया वाहन और दो इंजन बरामद किए हैं।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 28 फरवरी 2024 को महिपालपुर इलाके से एक दोपहिया वाहन चोरी की ई-एफआईआर मिली थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के दौरान आरोपियों की पहचान हुई।

## डीयू को छात्रावास के लिए धन मिला

**राहत**

- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक कार्यक्रम के दौरान घोषणा की

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरुवार को विकसित भारत एंबेसडर-नारी शक्ति कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं की मांग पर डीयू में महिला छात्रावास के लिए निर्भया फंड से अनुदान की घोषणा भी की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने मंच चर्चा के पश्चात छात्राओं से बातचीत भी की और उपस्थित छात्राओं को 'विकसित भारत, सशक्त नारी' का मंत्र भी दिया। कार्यक्रम में डीयू के अनेकों संस्थानों से करीब 5 हजार छात्राओं ने भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कॉन्क्लेव में छात्राओं के साथ संवाद करते हुए मौजूद छात्राओं से विकसित भारत का अर्थ पूछते हुए सामाजिक कार्यों में सक्रिय कई छात्राओं की शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद प्रत्येक व्यक्ति को विश्वास है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र होगा और उन सबकी भागीदारी उसमें होगी। केंद्रीय मंत्री ने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि यही समय है, सही समय है। हमें बताएं कि आप कैसे अपने देश के लिए योगदान कर सकती हैं। हमें बताएं कि आप अपने प्रधानमंत्री से कैसे सीधे बात कर सकती हैं।

डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी को विकसित भारत का राजदूत बनने और इसे एक जन-संचालित आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया है।

## बल्लू पहलवान की हत्या मामले में तीन पर शिकंजा

- आरोपियों ने हथियार मुहैया कराए थे

नई दिल्ली/बल्लभगढ़, संवाददाता। दिल्ली के नजफगढ़ निवासी सूरजभान उर्फ बल्लू पहलवान की हत्या मामले में गुरुग्राम एसटीएफ ने तीन आरोपियों को गिफ्तार किया है। मामले की जांच कर रही फरीदाबाद पुलिस भी पूछताछ करेगी।

पुलिस के मुताबिक, इन गिरफ्तार किए गए आरोपियों की मदद से मुख्य आरोपियों ने सेक्टर-11 बाजार मे सरेआम गोली मारकर बल्लू की हत्या की गईं थी। पुलिस के अनुसार, हत्या के इस मामले मे एक मार्च को पुलिस ने पहले गांव बादली जिला झज्जर के परमजीत को गांव चौधरी, थाना आदमपुर हिसार से गिरफ्तार किया था। आरोपी ने बताया कि हत्या में मुख्य आरोपी अतुल निवासी बादली हाल निवासी खरखौदा सोनीपत को योजना के मुताबिक बल्लू की हत्या करने के लिए तैयार किया गया। आरोपी परमजीत ने हथियारों का प्रबंध कराया था।

**उपलब्धि** पहली सांसद सुचेता कृपलानी से लेकर प्रथम महिला मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज और सबसे लंबे समय तक सीएम रहीं शीला दीक्षित ने राजनीति के क्षेत्र में अलग छाप छोड़ी

# राजधानी से लेकर राष्ट्रीय राजनीति में आधी आबादी का दबदबा कायम



**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आजादी के बाद से आज तक दिल्ली की राजनीतिक पटल पर महिलाओं की अहम भूमिका रही है। पहले चुनाव से लेकर अब तक महिलाओं का प्रदेश, केंद्र की राजनीति में दबदबा रहा है।

दिल्ली की पहली सांसद सुचेता कृपलानी से लेकर पहली महिला मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज और उसके बाद सबसे लंबे समय तक सीएम रहीं शीला दीक्षित ने राजनीति के क्षेत्र में अलग छाप छोड़ी। मौजूदा वक्त में भी राजधानी की महापौर से लेकर दिल्ली सरकार में सबसे पावरफुल कैबिनेट मंत्री का पदभार भी महिलाओं के पास है। इसके साथ ही, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने दो महिला प्रत्याशियों पर दांव खेला है।

दिल्ली विधानसभा के लिए पहला चुनाव 1952 में हुआ। कांग्रेस ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन उनकी कैबिनेट में स्वाधीनता सेनानी और महात्मा गांधी की निजी चिकित्सक डॉ. सुशीला नैयर स्वास्थ्य मंत्री बनीं। डॉ. सुशीला नैयर ने एमबीबीएस और एमडी की डिग्रियां लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से ही ली थीं, वो जीवन भर मुफ्त में इलाज करती रहीं।

**निगम की राजनीति में महिलाओं की रही अहम भूमिका :** अरुणा आसफ अली 1958 में दिल्ली की पहली मेयर बनीं। वे 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन की नायिका थीं।

### 1962 में सुभद्रा जोशी ने वाजपेयी को हराया था

1972 में सुभद्रा जोशी चांदनी चौक से सांसद चुनी गई थीं, जो दिल्ली की दूसरी सांसद बनीं। 1975-77 के दौरान आपातकाल लागू होने पर उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के उन कदमों का विरोध किया, जिसके तहत शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर उनके संसदीय क्षेत्र में तोड़-फोड़ की गई थी। उन्होंने 1962 में यूपी के बलरामपुर में भाजपा के कद्दावर नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी को भी चुनाव हराया था।



राजघाट डिपो पर गुरुवार को डीटीसी महिला बस कंडक्टर।। • सलमान अली

### दिल्ली की पहली महिला सांसद यूपी की सीएम रहीं

सुचेता कृपलानी नई दिल्ली सीट से किसान मजदूर प्रजा पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरी थीं। इस पार्टी के संस्थापक उनके पति आचार्य कृपलानी थे। वर्ष 1952 में सुचेता ने कांग्रेस उम्मीदवार एवं नेहरू गांधी परिवार की सदस्य मनमोहिनी सहगल को शिकस्त दी थी। इसके बाद सुचेता कृपलानी 1957 में कांग्रेस में आ गई और दोबारा निर्वाचित हुईं। सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी रहीं। वो इंद्रप्रस्थ कॉलेज की छात्रा रहीं।

### परमिट में 33% आरक्षण

दिल्ली में महिला ऑटो चालक मतलब सुनीता चौधरी। कई सालों तक यह अकेली महिला थी, जो ऑटो चला रही थी। समय के साथ अब महिला चालकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। सरकार ने वर्ष 2022-22 में ऑटो के नए परमिट में महिला चालकों के लिए 33 फीसदी के आरक्षण का प्रावधान कर दिया। सरकार ने कुल 4261 ई-ऑटो परमिट जारी किए, जिसमें 1406 महिला चालकों के लिए आरक्षित किए।

### मेट्रो में 300 ट्रेन ऑपरेटर

दिल्ली मेट्रो का परिचालन की जिम्मेदारी भी महिलाओं के हाथ में है। मेट्रो में कुल 300 महिला चालक/स्टेशन कंट्रोलर के रूप में तैनात हैं। दिन के समय चलने वाली ज्यादा ट्रेन में महिला चालकों की तैनाती होती है।

### कृष्णा तीरथ और लेखी को भी अहम भूमिका

1999 में करोलबाग से अनिता आर्य ने बतौर भाजपा उम्मीदवार मीरा कुमार को शिकस्त दी। इसके बाद कांग्रेस की कृष्णा तीरथ 2004 में करोल बाग से और 2009 में उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद बनीं। इस जीत के बाद कृष्णा तीरथ को भी केंद्र की राजनीति में काफी अहम भूमिका मिली। इससे पहले कृष्णा तीरथ दिल्ली से विधायक और शीला दीक्षित सरकार में 1998 में समाज कल्याण, श्रम एवं रोजगार मंत्री भी रहीं। इसके बाद मीनाक्षी लेखी ने नई दिल्ली सीट से 2014 और 2019 में जीत दर्ज की। वर्तमान में मीनाक्षी लेखी केंद्रीय राज्य मंत्री भी हैं। वहीं, दिल्ली सरकार की कैबिनेट में सबसे मजबूत मंत्री आतिशी हैं।

## जेएनयू में यौन उत्पीड़न पर विरोध

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन से थोड़ी स्थित बस स्टॉप के पास यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। हालांकि आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है।

इस घटना के बाद जेएनयू प्रशासन जहां हरकत में आया है वहीं छात्र संगठनों ने आरोपी को पकड़ने और कैंपस की सुरक्षा मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। एबीवीपी ने जहां प्रशासन की जवाबदेही तय करने की मांग की है, वहीं डेमोक्रेटिक्स स्टूडेंट्स फेडरेशन ने देर रात मार्च निकाला।

एक छात्र ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने बस स्टॉप के पास आपत्तिजनक हरकत कर रहा था। प्रशासनिक भवन के पास कुछ छात्राओं ने उसे देखा और वहां भाग गई। व्यक्ति मास्क लगाए हुए था जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई।

# पिता ने शादी के चंद घंटे पहले बेटे को मार डाला

**सनसनीखेज**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** घर रिश्तेदारों से भरा था। महिलाएं मेहंदी लगवा रहीं थीं और पुरुष डीजे पर नाच रहे थे। इस शोरशराबे के बीच एक कलयुगी बाप ने अपने बेटे को अकेले में बुलाया और तीन दोस्तों के साथ मिलकर उसे कुदाल से गोदकर मार डाला। चंद घंटों बाद जिसे घोड़ी पर चढ़ना था, उसकी लाश देखकर हर किसी का कलेजा फट पड़ा।

दिल दहलाने वाली यह वारदात दक्षिणी दिल्ली के देवली इलाके में बुधवार रात हुई। मरने वाले युवक का नाम गौरव सिंघल है। वह जिम संचालक था। उसके पिता रंगलाल को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन लोगों की अभी तलाश जारी है।

**दो मार्च को भी हुआ था झगड़ा :** पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो मार्च को भी पिता-पुत्र के बीच झगड़ा हुआ था। रंगलाल काफी गुस्से में था। गौरव की शादी गुरुवार सात मार्च को थी। शादी से पहले घर में संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक आया और उसने गौरव को बताया कि उसके पिता उनकी ही निर्माणधीन इमारत में बुला रहे हैं। गौरव अपने पिता के पास चला गया। पिता ने अपने तीन साथियों के साथ कुदाल से उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने हत्या के बाद शव को खींचकर दूसरे कमरे में डाल दिया और सभी मौके से फरार हो गए। रिश्तेदारों को जब गौरव नहीं मिला तो उसकी तलाश शुरू की गई। देर रात जब परिजन निर्माणधीन इमारत में पहुंचे तो वहां गौरव का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।



गौरव सिंघल। फाइल फोटो

■ दिल्ली के देवली इलाके में दिल दहलाने वाली घटना

### एक-दूसरे से बात नहीं करते थे

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों बाप-बेटे के बीच करीब सात साल से विवाद था। 29 वर्षीय गौरव ने पिता रंगलाल को कई साल पहले लोगों के सामने थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद से दोनों के बीच बातचीत बंद थी।

### सीसीटीवी में दिख रहे आरोपी

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि जहां युवक की लाश मिली, वहां से पहले तीन लोग निकल रहे हैं। उनके बाद रंगलाल भी हाथ में बैग लिए जा रहा है। आरोपी घर में रखे रुपये बैग में भरकर ले गया था।

## ऐसा काम करूंगा, सब पहचानेंगे

**नई दिल्ली।** सूत्रों ने बताया कि तीन दिन पहले ही अपने जानकारों से बात करते हुए रंगलाल ने कहा था कि गांव में लोग मुझे ज्यादा नहीं जानते, लेकिन जल्दी ही ऐसा काम करूंगा जिससे पूरा गांव ही मुझे पहचान जाएगा।

**एक कॉल से पकड़ा गया :** परिजनों और पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मृतक का पिता फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी जयपुर पहुंच गया। यहां से उसने एक ऑटो चालक का फोन लेकर बेटे की मौत की पुष्टि की। पड़ोसी ने उस नंबर पर फिर कॉल किया और ऑटो वाले को बताया कि यह व्यक्ति अपने बेटे को मारकर फरार हुआ है। ऑटो वाले ने इसकी सूचना जयपुर पुलिस को दी तो पुलिसकर्मी ने उसे दबोच लिया। इसके बाद आरोपी को पकड़ने की सूचना दिल्ली पुलिस को दी गई। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस जयपुर पहुंच चुकी है।

# सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली, व. सं.।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को कथित आबकारी घोटाला में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 19 मार्च तक बढ़ाई।

स्पेशल जज एम के नागपाल दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद पेश किए जाने की सुनवाई कर रहे थे। ईडी ने न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए कहा कि मामला महत्वपूर्ण चरण में है और अगर रिहा किया गया तो आरोपी जांच में बाधा डाल सकते हैं, जिसके बाद न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है।

ईडी ने आरोप लगया कि आरोपी कार्रवाई में देरी करने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति की मांग करने वाले आरोपियों के आवेदन का विरोध करते हुए यह बात कही।

## दिल्ली हिंसा में 11 आरोपमुक्त

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आपराधिक साजिश, दंगा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के 11 लोगों को आरोपमुक्त कर दिया।

एडिशनल सेशन जज पुलस्त्य प्रमाचला ने सोमवार को दिए अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के आधार पर, आरोपियों के खिलाफ घटनाओं में उनकी संलिप्तता दिखाने के लिए कोई गंभीर संदेह नहीं बनाया गया था। मामले में अजमत अली, शादाब आलम, मोहम्मद शाहिद, नावेद, मोहम्मद साकिर, नदीम, मोहम्मद सोहेल, सुल्तान अहमद, वाजिद, सुलेमान और मोहम्मद फईम को बरी किया।

## 'इंतजार नहीं कर सकते'

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह दिल्ली में वर्ष 2020 में हुई हिंसा के दौरान कथित तौर पर राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किए गए एक व्यक्ति की मौत से जुड़ी फॉरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतहीन इंतजार नहीं कर सकता। इस का पिछले दस महीने से इंतजार किया जा रहा है।

कोर्ट ने निष्पक्ष जांच की मांग वाली याचिका पर चैंबर में सुनवाई की। मां किस्मतुन ने 23 वर्षीय बेटे फैजान की मौत की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग करते हुए 2020 में उच्च न्यायालय का रुख किया। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।

## 'राशन कार्ड पते का प्रमाण नहीं'

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** उच्च न्यायालय ने कहा कि राशन कार्ड विशेष रूप से जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत आवश्यक सामग्री प्राप्त करने के लिए जारी किया जाता है। इसे पता या आवास का प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की पीठ ने क्षेत्र के पुनर्विकास के बाद पुनर्वास योजना के तहत वैकल्पिक आवास की मांग करने वाले कठपुतली कॉलोनी के पूर्व निवासियों की याचिकाओं पर यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि योजना के तहत लाभ का दावा करने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में राशन कार्ड की आवश्यकता मनमानी और अवैध है।

## चार दिन तक ठंड बनी रहेगी

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली का न्यूनतम तापमान गुरुवार को 8.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले चार दिन तक सुबह-शाम हल्की ठंड के आसार हैं।

बीते 14 वर्ष में सात मार्च सबसे ठंडा रहा। नौ और 10 मार्च को दिल्ली में 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। 11 मार्च के बाद दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

ADVERTISEMENT

Blood Purification करें, और करें बीमार होने की संभावना को कम

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद

खून शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व (Element) होता है। यह शरीर में Oxygen और पोषक तत्वों (Nutrients) को पहुंचाने के साथ-साथ अन्य कई कार्यों को भी संभालता है। हमारे शरीर में खून की शुद्धि न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे Physical और Mental क्षमताओं को भी प्रभावित करती है। इसलिए, खून की शुद्धि को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

**खून की शुद्धि कैसे होती है?**
खून की शुद्धि का मुख्य उद्देश्य हमारे शरीर से विषैले पदार्थों (Toxic Substances), तात्कालिक अवशिष्ट पदार्थों (Waste Materials) और अन्य असारभूत पदार्थों (Non - Essential Substances) को निकालना होता है ताकि हमारे शरीर की Health बनी रहे। इसके लिए, हमारे शरीर में कई अंगों और तंत्रिकाओं द्वारा खून को शुद्धिकरण प्रक्रिया में लिया जाता है।

**श्वसन प्रणाली:** हमारी श्वसन प्रणाली खून को Oxygen से संचित करने और Carbon Dioxide को निकालने का कार्य करती है।

**गुर्दे:** गुर्दे खून को शुद्ध करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। ये अनेक विषैले पदार्थों (Toxic Substances) को शरीर से बाहर निकालते हैं और साथ ही आवश्यक पोषक तत्वों को भी खून में वापस लेते हैं।

**लिवर:** लिवर शरीर का सबसे बड़ा अंग है और यह विषैले पदार्थों को निकालने और खून को शुद्ध करने का कार्य करता है।

**लाइम्फेटिक सिस्टम:** लाइम्फेटिक सिस्टम भी विषैले पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने में मदद करता है।

**रक्त कोशिकाएँ:** रक्त कोशिकाएँ भी विषैले पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने में मदद करती हैं और खून की शुद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

खून की शुद्धि को बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार, पर्याप्त पानी पीना, और तनाव मुक्त जीवन जीना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, अनियमित रूप से खून की जांच और विशेषज्ञ की सलाह लेना भी अत्यंत आवश्यक है।

**ऐसे लक्षण जो रक्त शुद्धिकरण की आवश्यकता का संकेत दे सकते हैं, जो निम्नलिखित हो सकते हैं**
**थकान:** असामान्य रूप से थकान या ऊर्जा की कमी महसूस होना।
**त्वचा संबंधी समस्याएं:** जैसे बार-बार मुंहासे निकलना, Rashes या अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं।
**पाचन संबंधी समस्याएं:** जैसे सूजन, कब्ज या दस्त
**एलर्जी:** विशेष रूप से यदि वे खराब होती जा रही हों।
**सांसों की दुर्गंध या शरीर की दुर्गंध:** स्वच्छता उपायों से इसमें सुधार नहीं होता है।
यदि किसी कारण वश आपका रक्त शुद्ध नहीं हो पा रहा है, तो आप बैद्यनाथ की निम्नलिखित दवाओ का प्रयोग कर सकते हैं।

**रक्त शोधक बटी:** रक्त शोधक बटी एक आयुर्वेदिक दवा है जो खराब रक्त को शुद्ध करती है और पामा के गठन को रोकती है। यह Acne, त्वचा पर Rashes, Urticaria और Constipation में बहुत फायदेमंद है।

**महामंजिष्ठाद्यरिष्ट:** यह त्वचा रोगों में प्रभावी है। Syphilis, Elephantiasis, obesity में उपयोगी।

**खदिरारिष्ट:** यह दवा आमतौर पर मुंह, जीभ और पेट के कई विकारों के इलाज के साथ-साथ वोकल कॉर्ड तनाव से राहत के लिए निर्धारित की जाती है।

**सुरक्त सिरप:** रक्त शोधक, खुजली, फोड़े, Acne और अन्य त्वचा रोगों में प्रभावी। लीवर की Functions को दुरुस्त करता है, Constipation को दूर करने में मदद करता है, Blood Circulation में सुधार करता है और इस प्रकार आयुर्वेद की आधिकारिक पुस्तकों में वर्णित प्राकृतिक अवयवों के कारण रंगत में सुधार के लिए उपयोगी है।

**एलोवेरा जूस:** आयुर्वेद त्वचा की समस्याओं, बालों के झड़ने और यकृत विकारों के साथ-साथ पाचन समस्याओं, जोड़ों की परेशानी और कब्ज के लिए पूरक के रूप में इसके उपयोग का सुझाव देता है। यह अपने Vitamin, Enzyme और सूक्ष्म पोषक तत्व (Micronutrients) के कारण पूरे शरीर के लिए पोषण के स्रोत के रूप में भी काम करता है।




**अस्वीकरण:** यह लेख **वैद्य शैशव कुमार (रजि. नं. 50661)** ने, जन सामान्य को जानकारी हेतु आयुर्वेदिक ग्रंथ व मॉडर्न रिसर्च के आधार पर तैयार किया गया हैं। उपरोक्त औषधि के सेवन चिकित्सक की देखरेख में करें साथ ही हमारे **टोल फ्री नंबर (1800-102-8384)** पर चिकित्सक से सम्पर्क करें।

/baidyanathgroup /baidyanathgroup/ www.baidyanath.co.in Contact@baidyanath.co.in




**CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**
**(NAAC ACCREDITED with A++ Grade)**

**RECRUITMENT NOTICE**

Online applications are invited from eligible candidates (As per UGC notification 18 July 2018 and subsequent UP Government order no. 1190/सत्तर-1-2019-16(114)/2010 dated 15 October 2019 and first Statutes of University as amended from time to time) for appointment in the various departments in the University.

**Online submission of application start from 06.03.2024 to 06.04.2024**

**Last date of submission of the printout of online filled form (downloaded)is 12.04.2024.**

Link for the form and other details: http://www.ccsuniversity.ac.in/ccsu/recruitment in for further details and eligiblity conditions.

**Registrar**









### एनसीएलएटी ने मंजूरी दी, मुद्दे का निपटारा करने को कहा

# जेपी के 20 हजार फ्लैट निर्माण का रास्ता खुला

अच्छी खबर

**02** सप्ताह में आईएमसी से रिपोर्ट मांगी

**64.7** फीसदी अतिरिक्त मुआवजा किसानों को मिल सकेगा

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सुरक्षा समूह को जेपी विशटाउन में रुकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने की अनुमति दे दी है। इससे करीब 20 हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी।

यमुना प्राधिकरण और सुरक्षा समूह को अगली सुनवाई तक मुद्दे का निपटारा करने को कहा गया है। यदि दोनों के बीच सहमति नहीं बनती है तो मामले की अगली सुनवाई योग्यता के आधार पर होगी और फैसला सुनाया जाएगा। वहीं, यमुना प्राधिकरण ने संबंधित मसौदा तैयार कर शासन को भेज दिया। दरअसल, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की परियोजनाओं का सुरक्षा समूह ने मार्च 2023 में अधिग्रहण किया था। जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपये आदि मुद्दे को लेकर बातचीत न बनने पर यमुना प्राधिकरण ने एनसीएलटी कोर्ट में चुनौती दी थी।

प्राधिकरण ने मांग की थी कि सुरक्षा समूह किसानों को दिए जाने वाले अतिरिक्त मुआवजे के लिए 1689 करोड़ रुपये का भुगतान एक बार में करे। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद सुरक्षा समूह कुछ छूट की मांग करते हुए अतिरिक्त मुआवजा देने पर सहमत हुआ। यीडा ने कंपनी के मसौदे को आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेज दिया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। यमुना प्राधिकरण ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी चुनौती दी थी। इसमें मुख्य दावा जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपये को लेकर था।

#### कंपनी को काम का ब्योरा देना होगा

एनसीएलएटी ने दो सप्ताह में आईएमसी (इंट्रिम मॉनिटरिंग कमिटी) से रिपोर्ट मांगी है। संबंधित कंपनी ने पिछले एक साल में क्या काम किया है, इसका पूरा ब्योरा आईएमसी को दो सप्ताह में देना होगा। खरीदारों का कहना है कि एक साल का वक्त गुजरने के बाद भी जेपी इंफ्राटेक के प्रॉजेक्टों में सुरक्षा कंपनी ने काम शुरू नहीं किया है। इससे बायर्स की परेशानी बढ़ती जा रही है।

# 18 मंजिला जर्जर डी टावर को तोड़ने का काम शुरू




**गुरुग्राम, कार्यालय संवाददाता।** सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के 18 मंजिला डी टावर को गुरुवार सुबह से तोड़ने का काम शुरू हो गया। पहले दिन 18वीं मंजिल में बने फ्लैट की अंदरूनी दीवारों को तोड़कर खिड़की, दरवाजे, आंतरिक सज्जा के सामान को बाहर निकाला गया।

अगले एक सप्ताह में इस टावर के 64 फ्लैट से सारा सामान निकाल लिया जाएगा। सोसाइटी के तीन टावर में रह रहे लोगों को दिक्कत न हो इसलिए नोएडा की ट्विन टावर को गिराने वाली एडिफिस कंपनी इसे बारूद की बजाए मशीन और हथौड़े से ध्वस्त कर रही है।

हाइड्रा की तर्ज पर करीब 50 मीटर ऊंची मशीन से कंक्रीट इमारत को तोड़ा जाएगा। डी टावर के बाद ई, एफ, जी, एच और जे टावर तोड़े जाएंगे। बिल्डर का दावा है कि अगले छह माह में छह असुरक्षित टावर गिरा दिए जाएंगे।

**चुनाव अधिकारी कार्यालय**
**सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था**
सी–4, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
वेबसाइट: www.surajmalmemorialeducationsociety.org

Ref. No.:SMES/Elec.Off./2024/09/19 दिनांक : 07.03.2024

**सूचना**

मैं, आशीष चक्रवर्ती, सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था, सी–4, जनकपुरी, नई दिल्ली की कार्यकारिणी समिति के इक्कीस सदस्यों के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में, संस्था के सभी सदस्यों को यह सूचित करने के लिए नोटिस देता हूं कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने W.P.(C) 11799/2019 और CM APPLs. 48379/2019, 53842/2019, 11041/2024 के अपने आदेश दिनांक 6 मार्च, 2024 द्वारा क्रमशः 10.03.2024 (रविवार) और 11.03.2024 (सोमवार) को होने वाले मतदान और मतगणना को विलम्बित कर दिया है।

हस्ता0/–
(आशीष चक्रवर्ती)
पूर्व सचिव, भारत निर्वाचन आयोग
चुनाव अधिकारी (SMES)

दूरभाष : 011-45656183/45037193

**LALIT NARAYAN MITHILA UNIVERSITY**
Kameshwaranagar, Darbhanga

**Adv. No. - 01/2024 / CET-B.Ed.-2024**
**TENDER NOTICE**
**CET-B.Ed.-2024**

Sealed tender in hard copy (two bid system) is invited for hiring agency for online processing of pre and post examination works of CET-B.Ed.-2024 for the year 2024 admission to be conducted at the Bihar State level.
Tender Notice in detail and Tender Document giving scope of the work and other details can be downloaded from the University website (www.lnmu.ac.in) from 08.03.2024 to 23.03.2024 by 4:00 PM.

- By order of the Vice-Chancellor
Prof. Ashok Kumar Mehta
State Nodal Officer
CET-B.Ed.-2024

# ठगी में सीए समेत सात धरे

**फरीदाबाद।** एनआईटी साइबर थाना पुलिस ने सीए अमित, बैंक के दो पूर्व प्रबंधक मयंक और कृणावीर समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पिछले माह एक व्यक्ति से शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर साढ़े आठ लाख ठग लिए थे। सभी आरोपी लोगों के खाता खोल, वह जानकारी चीनी जालसाज को देते हैं।

## छह राज्य के लोगों से करोड़ों ऐंठने वाले दबोचे


**गाजियाबाद।** साइबर थाना पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर छह राज्यों के लोगों से करोड़ों ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। मामले में निजी बैंक के डिप्टी मैनेजर सुरजीत समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**DHIRSONS**
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹59900/-* per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES
ONLY 7% ON ALL ITEMS
*T&C apply
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024. Ph: 47284728









लोकसभा चुनाव

# 57 साल में 11 गुना बढ़ गई महिला प्रत्याशियों की संख्या

भारत की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी साल दर साल बढ़ी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार 1962 से 2019 के बीच हुए लोकसभा चुनावों में महिला प्रत्याशियों की संख्या में 11 गुना का इजाफा हुआ है। 1962 में 66 महिलाएं लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थी, जबकि पिछली बार 2019 में हुए चुनाव में 726 महिलाएं चुनाव मैदान में खड़ीं थी। इस बार भी लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर महिलाओं की अच्छी खासी संख्या रहने की उम्मीद है।

### 2019 में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं ने वोट दिया

चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी काफी बढ़ा है। 2019 के चुनाव में तो महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट दिए थे। वहीं 2019 में 67.02 फीसदी पुरुष और 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट डाला था। यानि 0.16 फीसदी अधिक महिलाओं ने वोट दिया था। स्वतंत्रता के बाद के सालों तक महिलाओं की भागीदारी बहुत ज्यादा उत्साहपूर्ण नहीं थी। 1962 में 46.6 फीसदी महिलाओं ने वोट डाला था जबकि पुरुषों का वोट प्रतिशत 63.3 फीसदी था। लेकिन 1990 के दशक के बाद से महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है।

### 1962 से लेकर 2019 तक महिलाओं का वोट प्रतिशत

(आंकड़े प्रतिशत में हैं)

| वर्ष | महिला वोट | कुल वोट | वर्ष | महिला वोट | कुल वोट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1962 | 46.6 | 55.42 | 1996 | 53.41 | 57.94 |
| 1967 | 55.5 | 61.33 | 1998 | 57.69 | 61.97 |
| 1971 | 49.11 | 55.27 | 1999 | 55.64 | 59.99 |
| 1977 | 54.91 | 60.49 | 2004 | 53.64 | 58.07 |
| 1980 | 51.21 | 56.92 | 2009 | 55.64 | 59.99 |
| 1984 | 58.64 | 63.61 | 2014 | 65.54 | 66.44 |
| 1989 | 57.32 | 61.95 | 2019 | 67.18 | 67.4 |
| 1991 | 51.35 | 56.73 | | | |

(स्रोत: इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया)

संसद पहुंचनेवाली महिलाओं की संख्या 6 फीसदी से बढ़कर 14 फीसदी हुई
संसद पहुंचनेवाली महिलाओं की संख्या भी 6 फीसदी से बढ़कर 14 फीसदी हो गई है। 2019 में चुनाव लड़नेवाली 726 महिलाओं में से 78 चुनकर संसद पहुंची थीं। यानि कुल सांसदों का 14 फीसदी। 1962 में यह संख्या महज 31 थी। उससे पहले 1951 और 1957 में 22 महिलाएं चुनकर संसद पहुंची थीं।

### कब-कितनी महिला उम्मीदवार

| वर्ष | महिला प्रत्याशी |
|---|---|
| 1962 | 66 |
| 1967 | 67 |
| 1971 | 86 |
| 1977 | 70 |
| 1980 | 143 |
| 1984 | 171 |
| 1989 | 198 |
| 1991 | 330 |
| 1996 | 599 |
| 1998 | 274 |
| 1999 | 284 |
| 2004 | 355 |
| 2009 | 556 |
| 2014 | 668 |
| 2019 | 726 |

(स्रोत: इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया)

वे दिन | किस्सा 1971 का

## जब पर्चा गिराने के लिए मंगवाया था हेलीकॉप्टर

■ निर्दलीय प्राण प्रसाद ने चुना था प्रचार का अनोखा तरीका

धनबाद। बात 1971 लोकसभा चुनाव की है। तब बर्न स्टैंडर्ड नामक निजी कंपनी के अधीन धनबाद की कई कोयला खदानें चलती थीं। प्राण प्रसाद बर्न स्टैंडर्ड के कर्ता-धर्ता थे। चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी राम नारायण शर्मा के खिलाफ प्राण प्रसाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े हो गए। 15 प्रत्याशी मैदान में थे।

प्राण प्रसाद जैसे अमीर उम्मीदवार के मैदान में उतरने से कांग्रेसी खेमा काफी चिंतित हो गया। ऊपर से प्राण प्रसाद ने चुनाव क्षेत्र में पर्चा गिराने के लिए हेलीकॉप्टर मंगवा लिया। तब हेलीकॉप्टर दिखना भी अनोखा था और सफर करना तो सपना। पर्चा लेने के लिए हेलीकॉप्टर का लोग दिनभर इंतजार करते थे। हेलीकॉप्टर दिखने पर पूरे गांव के पुरुष, महिला और बच्चे घर से बाहर निकल जाते थे। तब प्राण प्रसाद ने कार्यकर्ताओं में राजदूत मोटरसाइकिल प्रचार के लिए यह कहकर बांटी थी कि जीत गए तो फटफटिया (मोटरसाइकिल) उनकी हो जाएगी।

### धनबाद चुनाव में धनबल सफल नहीं

हर कोई मानकर चल रहा था कि प्राण प्रसाद बड़े अंतर से जीतेंगे। उस समय कोयलांचल की कोल माइंस प्राइवेट कंपनियों के पास थीं। 1971 के बाद, इंदिरा गांधी की सरकार में कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण हुआ था। कहते हैं कि खदानें बंद कर मजदूरों को प्रचार में लगा दिया गया था। नतीजा सामने आया तो धनबल की हार हुई। कांग्रेस प्रत्याशी को सर्वाधिक वोट मिले। दूसरे नंबर पर बिनोद बिहारी महतो रहे थे। प्राण प्रसाद तीसरे स्थान पर रहे। आज भी प्राण प्रसाद को लेकर उदाहरण दिया जाता है कि धनबाद में कभी भी धनबल चुनाव में सफल नहीं हुआ।

तालमेल के गणित को सुलझाना आप, कांग्रेस, भाजपा और शिअद की मजबूरी, जद्दोजहद से जूझ रहे सभी

# पंजाब में गठबंधन के बगैर राह मुश्किल

विश्लेषण

■ मदन जैड़ा

नई दिल्ली। राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां हालांकि तेज कर दी हैं। लेकिन, सीमावर्ती राज्य पंजाब में स्थिति साफ होती नहीं दिख रही है। यहां चारों दल (आप, कांग्रेस, भाजपा और शिअद) चुनावी गठबंधन की जद्दोजहद से जूझ रहे हैं। चारों दल मानते हैं कि बिना गठजोड़ के उनकी राह आसान नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में राज्य में एक या दो राजनीतिक गठजोड़ देखने को मिल सकता है।

पंजाब में 'आप' की सरकार है। 2022 का विधानसभा चुनाव उसने भारी बहुमत से जीता था। लेकिन, 2019 के लोकसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन 2014 की तुलना में बेहद खराब रहा। वह चार की जगह महज एक सीट जीत पाई। उधर, 2019 के चुनाव के वक्त राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, जिसकी कमान कैप्टन अमरिंदर सिंह के हाथ में थी। तब कांग्रेस ने मोदी लहर के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था और 13 में से आठ सीटें जीत ली थीं। यह 2014 की तुलना में दोगुनी सीटें थी।

2019 में भाजपा और अकाली दल ने पंजाब में मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन इसके बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। शिअद ने 10 और भाजपा ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों दल दो-दो सीटें ही जीत पाए। इस प्रकार भाजपा अपना पिछला प्रदर्शन तो कायम रख पाई, लेकिन अकाली दल की सीट चार से घटकर दो रह गई।

**कांग्रेस को भारी नुकसान :** पंजाब में यदि 2022 के विधानसभा चुनाव पर नजर डालें तो 42 फीसदी मतों के साथ आप ने 117 में से 92 सीटें जीत लीं, जबकि कांग्रेस 77 से घटकर 17 पर आ गई। किसानों के मुद्दे पर अकाली दल भाजपा से अलग हो चुका था और उसने बसपा के साथ गठजोड़ किया, लेकिन वह महज तीन सीटें ही जीतने में सफल रहा। बसपा ने एक सीट जीती। उसे भारी नुकसान हुआ। भाजपा ने दो छोटे दलों (कांग्रेस से अलग हुए कैप्टर अमरिंदर की पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व वाले अकाली दल संयुक्त) के साथ समझौता किया, लेकिन उसे कोई लाभ नहीं हुआ। वह दो सीटें ही जीत पाई।

**किसान आंदोलन के चलते भाजपा को नुकसान की आशंका :** पंजाब में एक वक्त था जब अकाली दल बेहद मजबूत स्थिति में था। भाजपा के साथ उसका गठबंधन भी कामयाब रहा था। इसलिए 2007 और 2012 में लगातार भाजपा-अकाली दल की सरकार भी बनी। लेकिन, किसान आंदोलन के चलते भाजपा को नुकसान की आशंका है। अकाली चाहते तो हैं कि भाजपा से गठबंधन हो, लेकिन उन्हें किसानों की नाराजगी का डर भी सता रहा है। मौजूदा हालात में भाजपा को भी अकाली की जरूरत महसूस हो रही है। हालांकि, दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है।

**गठबंधन पर नजर :** कांग्रेस और आप में दिल्ली में गठबंधन हो चुका है, लेकिन पंजाब में यह अटका हुआ है। आप और कांग्रेस हालांकि सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। लेकिन, प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। इसलिए माना जा रहा है कि अभी तक दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के गठबंधन को देख रहे हैं। ताकि उसके अनुरूप ही निर्णय लिया जा सके।

भाजपा-अकाली और कांग्रेस-आप गठबंधन होता है तो फिर चुनावी मुकाबला रोचक हो सकता है। यदि दोनों में से सिर्फ एक गठबंधन होता है तो फिर त्रिकोणीय संघर्ष तय है।

### लोकसभा चुनाव : किसको कितने फीसदी वोट और कितनी सीटें






वोट डालने के लिए कतार में लगे लोग। ● फाइल फोटो

## घोसी से अरविंद सुभासपा प्रत्याशी

लखनऊ, वि.सं.। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने घोसी लोकसभा सीट से डॉ. अरविंद राजभर को प्रत्याशी घोषित किया है। अरविंद सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के पुत्र हैं।

भाजपा ने सुभासपा को गठबंधन में घोसी सीट दी है। वहीं, पार्टी प्रमुख ओपी राजभर को योगी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री की जगह भी मिली है। सुभासपा के जरिए भाजपा की नजर पूर्वांचल के राजभर वोटों पर है।

## चुनाव में उतर सकते हैं शेट्टार, बोम्मई

बेंगलुरु, एजेंसी। आगामी लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में बड़ी जीत हासिल करने की योजना बना रही भाजपा अपने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों- बसवराज बोम्मई और जगदीश शेट्टार को मैदान में उतार सकती है। ये दोनों लिंगायत समुदाय से आते हैं, जिन्हें पार्टी अपना मुख्य आधार वोट मानती है। इस बात के संकेत देते हुए बीएस येदियुरप्पा ने गुरुवार को कहा कि बोम्मई और शेट्टार समेत राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा हुई है।

## चुनावी प्रश्नोत्तरी

■ **उम्मीदवार द्वारा हलफनामे में गलत जानकारी देने पर क्या हो सकता है?**




हलफनामे में जानकारी छुपाने या गलत जानकारी देने पर किसी उम्मीदवार का नामांकन खारिज नहीं हो सकता। यदि आरओ संतुष्ट है कि उम्मीदवार द्वारा हलफनामे में दी गई जानकारी गलत है तो उसे न्यायालय के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज करनी होगी।

■ **पार्टी या प्रत्याशी मतदाताओं को मतदान केंद्र ले जाने की व्यवस्था कर सकता है?**

नहीं, लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत यह एक भ्रष्ट आचरण है। इस अपराध के लिए अधिकतम तीन महीने की जेल की सजा और जुर्माना या दोनों हो सकता है।

■ **क्या मतदान केंद्र के अंदर या उसके आसपास प्रचार करने पर कोई प्रतिबंध है?**

मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में वोट नहीं मांगा जा सकता। ऐसा करना प्रतिबंधित है। ऐसा करने वाले प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग कड़ी कार्रवाई कर सकता है।

# वाजपेयी से लेकर मोदी सरकार तक राजनाथ ने निभाईं बड़ी जिम्मेदारियां

मैदान के महारथी
राजनाथ सिंह

लखनऊ। सरल स्वभाव के धनी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा के ऐसे कद्दावर नेता हैं, जिन्होंने राजनीति में शुचिता और विश्वसनीयता को हमेशा सर्वोपरि रखा। उन्होंने राजनीति करने वाले नेताओं को कथनी-करनी में फर्क न रखने की नसीहत देकर सियासी फलक में अपनी अलग पहचान बनाई। यह उनकी संतुलनपूर्ण, सर्वसमावेशी राजनीति का ही परिणाम रहा कि वह न केवल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व जैसे अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी के करीबी रहे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी उन्हें काम करने का अवसर मिला।

राजनाथ सिंह लखनऊ सीट पर वह रिकॉर्ड मतों से लगातार दो बार जीते। वह लखनऊ से फिर मैदान में हैं और यहां जाति, धर्म और संप्रदाय की सीमाएं तोड़ लोग उन्हें वोट देते रहे हैं। राजनाथ का जन्म 10 जुलाई 1951 को चंदौली के भभौरा गांव में हुआ। वह छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे। विद्यार्थी परिषद से सियासत शुरू की और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। गोरखपुर से शिक्षा हासिल की और मिर्जापुर के केबी कॉलेज में प्रवक्ता हो गए।

**संगठन में मजबूत पकड़ :** राजनाथ चाहे उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री रहे हों या मुख्यमंत्री, उन्होंने हर पद पर रहते हुए शुचिता और ईमानदारी को महत्व दिया। पार्टी में वह एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। यूपी के शिक्षा मंत्री रहते हुए नकल विरोधी अधिनियम लागू कराने का ऐतिहासिक फैसला किया।

उन्होंने वैदिक गणित को पाठ्यक्रम में शामिल करने के साथ ही विभिन्न विवादित विषयों को भी पुस्तकों से अलग कराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने पार्टी को गांवों तक विस्तार दिया।

केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री रहते हुए उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ड्रीम परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम की शुरुआत की। कृषि मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री के रूप में उन्होंने किसान कॉल सेंटर और कृषि आय बीमा योजना जैसी योजनाएं शुरू कीं।

### महत्वपूर्ण फैसले

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर संगठन में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण की वकालत
- केंद्रीय गृह मंत्री बनने पर केंद्रीय बलों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया
- 2020 में 101 सैन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाया
- 2021 में 108 सैन्य उपकरणों और प्रणालियों के स्वदेशी निर्माण का फैसला

### सियासी सफर

**1975** में आपातकाल में जेल गए और दो साल निरुद्ध रहे

**1977** में पहली बार मिर्जापुर से विधायक बने


**1991** में उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री बने

**1988** में विधान परिषद सदस्य चुने गए



- हैदरगढ़ (बाराबंकी) से वर्ष **2002** में विधायक चुने गए
- वर्ष **2000** में उत्तर प्रदेश के मुख्यंत्री बने
- **1999** में अटल सरकार में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री
- वर्ष **2003** में केंद्रीय कृषि मंत्री बने
- **2014** में नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री रहे
- **2019** में मोदी सरकार में रक्षा मंत्री बने

बायस्कोप | **अपने चुनाव चिह्न से हुआ शास्त्री का सामना**



यह तस्वीर 1962 के लोकसभा चुनाव की है। उस चुनाव में लाल बहादुर शास्त्री इलाहाबाद सीट (वर्तमान में प्रयागराज) से कांग्रेस उम्मीदवार थे। इस सीट से तीन प्रत्याशी थे। लाल बहादुर शास्त्री जनसंघ के उम्मीदवार राम गोपाल संड को पराजित कर संसद पहुंचे थे। तब कांग्रेस का चुनाव चिह्न दो बैलों की जोड़ी था। एक दिन चुनाव प्रचार के दौरान दो बैलों का जोड़ा उनके सामने ही आ गया था। (फोटो साभार: अनिल शास्त्री)

# नए मुख्यमंत्रियों पर प्रदर्शन की चुनौती

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता के बाद तीनों राज्यों के नए मुख्यमंत्रियों पर पिछले लोकसभा के प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है।

तीनों राज्यों में भाजपा ने विधानसभा की जीत के बाद नेतृत्व में बड़ा बदलाव करते हुए नए चेहरों को कमान सौंपी थी। इन राज्यों में भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 65 में से 62 पर भारी भरकम जीत दर्ज की थी। भाजपा ने बीते दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में तीनों राज्यों में बड़ी जीत दर्ज की थी। इनमें उसने छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस से सत्ता छीनी थी, जबकि मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बरकरार रखी थी। पार्टी ने मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की जगह नए चेहरे मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया, जबकि राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की दावेदारी को दरकिनार कर भजनलाल शर्मा जैसे नए चेहरे को कमान सौंपी। छत्तीसगढ़ में भी नए चेहरे विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया।

यह तीनों राज्य इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि 2018 में भाजपा तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव हार गई थी और छह माह बाद हुए लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने में सफल रही थी। राजस्थान में तो उसने सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। इनमें एक सीट उसके सहयोगी दल ने जीती थी। मध्य प्रदेश में भी छिंदवाड़ा को छोड़कर बाकी सभी 28 सीटों पर जीत दर्ज की थी और छत्तीसगढ़ में 11 में से नौ पर जीत हासिल की थी।

अब भाजपा तीनों राज्यों में सत्ता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भी बरकरार है, तब पार्टी के तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर पिछली सफलता दोहराने का दबाव भी है। साथ ही जो तीन सीटें उसने गंवाई थी, उनको भी जीतने का लक्ष्य दिया गया है। टिकटों के बंटवारे में भी इसका ध्यान रखा गया है कि सफलता शत प्रतिशत रहे।

सियासत 30s

## भाजपा वॉशिंग मशीन : शरद पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह एक वॉशिंग मशीन बन गई है, जिसमें भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे लोग अपने दाग मिटाने के लिए शामिल हो सकते हैं। उन्होंने झारखंड में हेमंत सोरेन और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल समेत गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की। पवार ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आलोचना समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर भी निशाना साधा।

## भाजपा-तेदेपा गठबंधन पर लग सकती है मुहर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का दायरा बढ़ाने में जुटी भाजपा को दक्षिण के राज्य आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) का साथ मिल सकता है। गठबंधन की अटकलों के बीच तेदेपा के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि नायडू आंध्र प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

## विधायक मुकुट मणि टीएमसी में शामिल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक मुकुट मणि अधिकारी गुरुवार को टीएमसी में शामिल हो गए। अधिकारी ने टीएमसी का दामन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की एक रैली के दौरान थामा। मुकुट मणि अधिकारी नदिया जिले के राणाघाट दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। मुकुट मणि ने कहा कि मैं टीएमसी में शामिल हुआ, क्योंकि भाजपा नदिया के लोगों से किए अपने वादे पूरे नहीं कर रही थी।

## अरबिंद महापात्र ने बीजद का दामन थामा

भुवनेश्वर। ओडिशा की राजनीति में गुरुवार को एक और बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। भाजपा एवं बीजू जनता दल (बीजद) के बीच गठबंधन को लेकर चल रही अटकलों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता बिजॉय महापात्र के बेटे अरविंद महापात्र बीजू जनता दल में शामिल हो गए। ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक और नेता वीके पंडियन की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी का दामन थामा।

www.livehindustan.com
**चुनावी खबरें**
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आयाराम-गयाराम

## पद्मजा वेणुगोपाल भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, वि.सं.। केरल के कांग्रेस के दिग्गज दिवंगत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के करुणाकरन की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केरल भाजपा के प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने पद्मजा को पार्टी में शामिल कराया।

गौरतलब है कि पद्मजा के भाई के मुरलीधरन वडकरा से कांग्रेस के सांसद हैं। इसके पहले केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ए के एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हुए थे।

विश्लेषण | पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल पूरे पूर्वोत्तर में खिला, कांग्रेस को उम्मीद- मणिपुर हिंसा के बाद बदल सकता है सियासी माहौल इसलिए पार्टी ने यहां जमीनी स्तर पर काम शुरू किया

# गेमचेंजर साबित हो सकती हैं पूर्वोत्तर की 26 लोकसभा सीटें

■ पंकज कुमार पांडेय

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में नॉर्थ-ईस्ट के राज्य भी गेमचेंजर के रूप में देखे जा सकते हैं। यहां की दो दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों का गणित अपने पक्ष में करने का मतलब है कि मध्य आकार वाले गुजरात, आंध्रपदेश, राजस्थान जैसे किसी एक राज्य की लोकसभा सीटों पर एकतरफा वर्चस्व बना लेना।

नॉर्थ-ईस्ट के सभी राज्यों को मिलाकर कुल 26 लोकसभा सीटें हैं। यूपी, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों को छोड़ दें तो अन्य बड़े राज्यों की तुलना में नॉर्थ-ईस्ट को कम आंकना राजनीतिक रूप से उलटा कदम साबित हो सकता है।

**समग्र रणनीति पर काम :** पूर्वोत्तर की अहमियत समझते हुए भाजपा ने 2014 से लगातार पूर्वोत्तर को अलग-अलग छोटे राज्यों के रूप में देखने के बजाय समग्र रणनीति पर काम किया है। कांग्रेस की तुलना में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल पूरे पूर्वोत्तर में खिला है। हालांकि, अब कांग्रेस की कोशिश यही है कि मणिपुर की घटना के बाद भाजपा के वर्चस्व को तोड़ने का जो मौका मिला है, उसे यहां भुनाया जा सके। इसलिए कांग्रेस ने भी यहां जमीनी स्तर पर काम शुरू किया है।

**उलझा हुआ है सीटों का गणित :** फिलहाल 26 सीटों का गणित काफी उलझा हुआ है। कहना मुश्किल है कि यहां मुद्दे और रणनीति सबकुछ एक जैसे काम करेंगे। जानकारों का कहना है कि नगालैंड, मिजोरम जैसे राज्यों में बड़ी क्रिश्चियन आदिवासी आबादी के मद्देनजर यहां हिंदुत्व कोर मुद्दा नहीं हो सकता। मजे की बात यह है कि यहां भाजपा भी खुद के हिंदुत्व समर्थक पार्टी होने का दावा नहीं करती। नगालैंड भाजपा के एक बड़े नेता ने कहा कि हमने यहां लोगों को समझाने में सफलता हासिल की है कि हम हिंदू पार्टी नहीं हैं। बल्कि लोगों के सामने प्रधानमंत्री मोदी के मुफ्त राशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना और अन्य केंद्रीय योजनाओं को रखते हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव में सहयोगी दलों के सहारे क्लीन स्वीप करने के लिए भाजपा ने राजनीतिक ताना-बाना बुना है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा अहम भूमिका निभा रहे हैं। उधर, कांग्रेस को अपने स्थानीय नेताओं में से किसी के चाणक्य बनने की उम्मीद है।

### क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम

पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में क्षेत्रीय दलों का अच्छा प्रभाव है। इसका असर चुनाव में साफ दिखता है। 2014 में मोदी सरकार केंद्र में आई, तब पूर्वोत्तर के आठ में से पांच राज्यों असम, मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में कांग्रेस की सरकार थी। जबकि त्रिपुरा में सीपीआई (एम) और सिक्किम में एसडीएफ की सरकार थी। नगालैंड में एनपीएफ का राज था। लेकिन, 2016 से सरकारों के बदलने का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने 2019 आते-आते पूरी तरह से पूर्वोत्तर का सियासी नक्शा ही बदलकर रख दिया। देखते ही देखते आठ में से सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने सरकार बना ली।

### उत्तर-पूर्व के किस राज्य में कितनी सीटें

| राज्य | सीटें |
|---|---|
| असम | 14 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2 |
| मणिपुर | 2 |
| मेघालय | 2 |
| मिजोरम | 2 |
| त्रिपुरा | 2 |
| नगालैंड | 1 |
| सिक्किम | 1 |



COMFORTABLE & CARE IN EVERY STEP
Use Dr. Ortho ACUPRESSURE SLIPPERS
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
amazon Flipkart
Contact for Dealership : 85588 07777 • dealership@divisa.in


राहुल गांधी ने आम चुनाव से पहले की दो बड़ी घोषणाएं, कहा-ऐतिहासिक काम करेंगे

# किसानों के लिए एमएसपी और तीस लाख युवाओं को नौकरी का वादा

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 54वां दिन

जयपुर, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसानों के लिए गुरुवार को दो बड़ी घोषणाएं की। कहा, केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी।

राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है। इनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, गिग इकॉनमी में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हिंदुस्तान में 30 लाख सरकारी पद खाली हैं, पर मोदी सरकार इनकी भर्ती नहीं कर रही है। कांग्रेस के सरकार में आने के बाद पहला काम होगा कि ये 30 लाख सरकारी नौकरियां हम दे देंगे।

राहुल गांधी ने ऑनलाइन कंपनियों में चालक-गार्ड के रूप में काम करने वाले कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून लाने की घोषणा भी की। युवा रोशनी के तहत 5,000 करोड़ रुपये का स्टार्टअप फंड दिया जाएगा।


गुजरात के झालोद में गुरुवार को खुली कार में सवार राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़े समर्थक। • एएफपी

### हर स्नातक डिप्लोमाधारी के लिए अप्रेंटिसशिप

राहुल ने कहा कि 'पहली नौकरी पक्की' के वादे के तहत केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर हर ग्रेजुएट, डिप्लोमा धारक युवा को सरकारी या निजी कंपनी में एक साल की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। हम देश के सभी युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रहे हैं। ये अधिकार हर स्नातक, हर डिप्लोमाधारी को मिलेगा।

### पेपर लीक रोकने को सख्त कानून लाएंगे

राहुल गांधी ने तीसरी बड़ी घोषणा पेपर लीक से युवाओं को मुक्ति दिलाने की की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में आने पर पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लाएगी और परीक्षा आयोजित करवाने के तरीकों का मानकीकरण किया जाएगा। आयोजन में निजी कंपनियों का दखल बंद किया जाएगा।

### एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी देने का वादा

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी देने का वादा किया गया है। हमने अपने घोषणा पत्र में किसानों के लिए यह ऐतिहासिक काम किया है।

"डबल इंजन सरकारों में हो रहे डबल अन्याय! उत्तर प्रदेश में दो बहनों ने अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद फांसी लगा ली, अब न्याय न मिलने पर पिता ने भी फांसी लगा जान दे दी। -राहुल गांधी

"कानपुर में दो बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटना बताती है कि राज्य में जंगल राज है। न्याय मांगने वाले परिवार बर्बाद किए जा रहे हैं।
-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव

# विपक्षी नेता जेल में या बेल में : नड्डा

आगरा, वरिष्ठ संवाददाता। परिवारवादी दलों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की हमेशा उपेक्षा ही की। कांग्रेस ने उन्हें हरवाने का काम किया, जबकि भाजपा ने हमेशा दलित उत्थान और वंचितों की लड़ाई लड़ी। अंत्योदय की बात की। विपक्षी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। इनके चक्कर में न आएं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगरा में गुरुवार को आयोजित भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महासम्मेलन में विपक्ष पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर हमलावर रहे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने दलित और अनुसूचित जाति के भाइयों को मानवता के बजाय वोट की नजर से देखा। वोट लेकर सत्ता हथियाने का जरिया बनाया। जबकि भाजपा वैचारिक दल है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचाने की बात 1952 में कह दी थी। भाजपा ने अंत्योदय का कार्यक्रम चलाया। जब कांग्रेस पूछती थी, तब हमने कहा कि अंत का उदय ही अंत्योदय है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास कहा है। गरीब, युवा, अन्नदाता की चिंता और महिला का सम्मान होने पर ही देश आगे बढ़ेगा।


आगरा में गुरुवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महासम्मेलन में शामिल भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और अन्य। • प्रेट्र

### नेता प्रतिपक्ष भी नहीं बना पाएगी कांग्रेस : अनुराग

वाराणसी, सं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतेगा। कांग्रेस इस बार इतनी सीट भी नहीं जीत पाएगी कि कोई नेता प्रतिपक्ष बन सके। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ने इंडिया गठबंधन को ठगबंधन करार देते हुए बताया कि एनडीए यूपी की सभी 80 सीटों पर चुनाव जीतेगी।

सियासत 30 s

### उमा भारती का चुनाव लड़ने से इनकार

भोपाल। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहीं उमा भारती ने गुरुवार को कहा है कि वह अगले दो साल तक चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि वह गंगा के पुनरुद्धार के लिए काम करेंगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगी।

### कांग्रेस ने सुक्खू को दिल्ली बुलाया

शिमला। हिमाचल सरकार पर मंडराए खतरे की गंभीरता को भांपते हुए कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को दिल्ली बुला लिया है। वहीं गुरुवार को दिल्ली जाने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक में बाकायदा प्रस्ताव पारित किया गया कि पूरा मंत्रिमंडल सुक्खू के साथ खड़ा है।

## 'कर्नाटक सरकार गलती स्वीकारे'

नई दिल्ली, विसं। कर्नाटक विधानसभा परिसर में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के मामले में भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व से माफी की मांग की है।

भाजपा ने कांग्रेस पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कुछ तस्वीरें साझा की और दावा किया कि इनमें राहुल गांधी व वरिष्ठ नेताओं के साथ कर्नाटक विधानसभा में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति भी मौजूद है। गौरव भाटिया ने कहा, यह हर भारतीय का अपमान है।

## मुख्यमंत्री नीतीश इंग्लैंड रवाना

पटना, हिब्यू। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को इंग्लैंड रवाना हो गए। उनके साथ इस दौरे पर राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा समेत कुछ चुनिंदा अधिकारी भी हैं। इससे पहले दिल्ली में एनडीए नेताओं से मिले।


IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
Website: www.idbibank.in
दिल्ली –दक्षिण पश्चिम / एनसीआर में कार्यालय परिसर चाहिए
बैंक दीर्घावधि के लिए कमर्शियल रूप से बैंकिंग कार्यकलाप के लिए अनुमोदित कार्यालयीन परिसर लेने को इच्छुक है। उपयुक्त परिसर रखने वाली इस प्रस्ताव की इच्छुक पार्टियाँ क्षेत्रीय प्रमुख को 10 दिन के भीतर (विज्ञापन की तारीख़ को छोड़कर) आवेदन करें। केवल **18 मार्च, 2024** की शाम **6.00 बजे** तक प्राप्त प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा। प्रोफार्मा व अन्य विवरण हमारी वेबसाइट **www.idbibank.in** से **Notices & Tenders** के तहत डाउनलोड किए जा सकते हैं अथवा हमारी किसी भी शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं।
तिथिः मार्च 08, 2024 हस्ता./–
स्थानः नई दिल्ली मुख्य महाप्रबन्धक–दिल्ली अंचल


# दस राज्यों की सीटों के लिए मंथन

- कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में दक्षिणी राज्यों के लिए पहले तय किए जाएंगे प्रत्याशी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने दस राज्यों की करीब पांच दर्जन सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं। पार्टी ने केरल की वायनाड सीट से पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी की उम्मीदवारी के साथ राजधानी दिल्ली की तीन सीटों पर विस्तार से चर्चा की है। दिल्ली में कांग्रेस आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में गुरुवार रात हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, दिल्ली, लक्ष्यद्वीप, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम और मणिपुर लोकसभा सीट पर चर्चा हुई। कांग्रेस को उत्तर भारत के मुकाबले दक्षिण भारत में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इसलिए पार्टी ने दक्षिणी राज्यों से चुनाव के प्रत्याशी तय करने की प्रक्रिया शुरू की है।

**कर्नाटक में 28 में से 15 सीट पर नाम तय :** पार्टी सूत्रों का कहना है कि समिति ने राहुल गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने पर चर्चा की है। इसके साथ कर्नाटक में 28 में से 15 सीट पर नाम तय कर लिए गए हैं। तेलंगाना में भी आठ सीट पर प्रत्याशियों के नाम को मंजूरी मिल गई है, बाकी सीट के लिए शुक्रवार को स्क्रीनिंग कमेटी की एक बार फिर बैठक होने की उम्मीद है।

वहीं, मध्यप्रदेश और राजस्थान से न्याय यात्रा अभी गुजरी है। इस वक्त गुजरात में है। इसलिए इन राज्यों में उम्मीदवार के नाम बाद में तय किए जाने की उम्मीद है। दिल्ली की तीनों सीटों पर एक दो दिन में उम्मीदवारों का ऐलान हो सकता है। पार्टी ने बैठक में दिल्ली में तीन सीट पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की है। पार्टी एक दो दिन में ऐलान कर सकती है।

## भाजपा अध्यक्ष से मिले चिराग

पटना, हिब्यू। लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच चुनाव को लेकर बातचीत हुई।

चिराग पासवान ने हाजीपुर समेत लोकसभा की छह सीटों पर अपनी दावेदारी पेश की है। पासवान ने भाजपा अध्यक्ष को बीते लोकसभा चुनाव का हवाला दिया जिसमें लोजपा ने छह सीटें जीती थीं। हालांकि उनके पांच सांसद बाद में उनका साथ छोड़ गए। वहीं, लोजपा (रा) ने सभी 40 लोकसभा सीटों पर तैयारी शुरू कर दी है।

# चंद्रबाबू नायडू ने शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की

नई दिल्ली, विसं। तेलुगु देशम नेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार देर रात भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ लंबी मुलाकात की है। बैठक में जनसेना नेता पवन कल्याण भी मौजूद रहे। बैठक में आंध्र प्रदेश में भाजपा, तेलुगू देशम और जनसेना के बीच सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दिया गया।

आंध्र प्रदेश में राजग के विस्तार की दिशा में आगे बढ़ते हुए भाजपा ने तेलुगु देशम और जनसेना के साथ गठबंधन और सीटों के तालमेल पर अपना मंथन पूरा कर लिया है। गुरुवार देर रात चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर जाकर भाजपा नेतृत्व से गठबंधन और सीटों के बंटवारे पर लंबी बातचीत की है। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और जनसेना के प्रमुख पवन कल्याण भी मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों में से भाजपा 8 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि जनसेना के हिस्से में तीन सीटों के आने की संभावना है। बाकी 14 सीटों पर तेलुगू देशम चुनाव लड़ सकती है।

# कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड पर केंद्र सरकार को घेरा

- पार्टी ने मामले में अदालत से और वक्त मांगने पर सवाल उठाए

नई दिल्ली, विसं। कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट से समय की मांग को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी का कहना है कि न्यू इंडिया में लुका-छिपी का खेल चल रहा है। पूरा देश चुनावी बॉन्ड की हकीकत जानना चाहता है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि चुनावी बॉन्ड का ब्यौरा देने के लिए समय सीमा जून तक बढ़ाई जाए। जबकि अदालत ने एसबीआई को छह मार्च तक चुनाव आयोग को ब्यौरा देने के निर्देश दिए थे। रमेश ने आरोप लगाया कि कई महीने का वक्त इसलिए मांगा गया है, ताकि चुनाव खत्म हो जाए। सभी जानते हैं कि चुनावी बॉन्ड दो शर्तों पर बेचा जाता है। खरीदार की पहचान के लिए केवीसी कराई जाती है। साथ ही बॉन्ड में छिपा सीरियल नंबर अहम होता है। कांग्रेस ने दावा किया कि एसबीआई के पास निश्चित तौर पर बॉन्ड देने वाले और प्राप्त करने वाले दलों का डेटा है।

## एसबीआई पर अवमानना की अर्जी

नई दिल्ली, विसं। चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को चंदा देने वालों का विवरण निर्वाचन आयोग को नहीं दिए जाने पर भारतीय स्टेट बैंक के खिलाफ गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है। यह याचिका गैर सरकारी संगठन एडीआर ने दाखिल की है।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष एडीआर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एसबीआई के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका का उल्लेख करते हुए इस पर जल्द सुनवाई की मांग की है।


उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
विज्ञप्ति
आयोग के विज्ञापन संख्या ए-1/ई-1/2024 दिनांक 01-01-2024 के अन्तर्गत विज्ञापित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 के सन्दर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा प्रश्नगत परीक्षा 17 मार्च, 2024 को प्रस्तावित थी, उक्त परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है, प्रश्नगत परीक्षा माह जुलाई में सम्भावित है, जिसकी सूचना यथा समय दी जाएगी।
संख्या- 04/06/ई-2/2023-24 (ओंकार नाथ सिंह)
दिनांक : प्रयागराज, 07 मार्च, 2024 अनुसचिव

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) CIN- U40109UR2001SGC025867
कार्यालयः अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) न्यू फोरेस्ट, एफ0आर0आई0 कैम्पस, देहरादून।
Email: seedcurban@gmail.com Website: www.upcl.org
ई–निविदा विस्तार सूचना
विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) देहरादून के अन्तर्गत ई–निविदा संख्या 36/वि0वि0म0(न0)/2023–24, 41/वि0वि0म0(न0)/2023–24, एवं ई–निविदा संख्या 53/वि0वि0म0(न0)/2023–24 को अपरिहार्य कारणों से दिनांक **11.03.2024** तक विस्तारित की जाती है। विस्तृत जानकारी हेतु बेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर देखें।
पत्रांकः 2442/वि0वि0म0(नगरीय)/दे0दून
दिनांकः 07/03/2024 अधीक्षण अभियन्ता
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800–419–0405

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
सूचना
राजभाष विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी भाषा की स्तरीय पुस्तकों की सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि को उनके पुस्तकालयों में क्रय करने की संस्तुति सहित परिचालित करता है। इसी क्रम में दिनांक 01.01.2023 से 31.12.2023 तक की अवधि में विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित गुणात्मक दृष्टि से उत्तम पुस्तकों की सूची इस विभाग द्वारा तैयार करके परिचालित की जानी है। इस सूची में शामिल किए जाने हेतु लेखकों, प्रकाशकों, मुद्रकों, वितरकों और प्रवासी भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्तियों से पुस्तकें आमंत्रित की जाती हैं।
इससे संबंधित पूरा विवरण विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है। पुस्तकें जमा करने की अंतिम तिथि **30 अप्रैल 2024** है।
(प्रेम नारायण)
सीबीसी 19201/11/0011/2324 उप सचिव (पत्रिका)

Sidho-Kanho Agriculture and Forest Produce State Co-Operative Federation Limited (SIDHKOFED)
Sameti Bhawan, 1st floor, Kanke Road, Ranchi, Jharkhand 834008
Email id: sidhokanhofed@gmail.com Phone:- 0651-2913012
Ref. 125 Date. 6/3/2024
NOTICE
Invitation for Engagement of Professionals on Contractual Basis
With reference to earlier advertisement no. 49 dated- 02.02.2024 and advertisement no. 82 dated- 19.02.2024, the date for receiving the application is extended till 20.03.2024 upto 5.00 p.m. In order to formulate and implement state level planning, procurement, marketing and institutional development strategies SIDHKOFED requires eligible and competent professionals to work on contractual basis. Applications are invited from suitable candidates for the following positions:

| Sl. No. | Name of assignment | No. of Post | Emoluments per Month | Maximum Age as on 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Senior Professional Consultant-Institutional Development | 01 | Rs.1,50,000.00 | 50 Years |
| 2. | Senior Professional Consultant-Procurement & Marketing | 01 | Rs.1,50,000.00 | 50 Years |
| 3. | Junior Professional Consultant-Procurement | 01 | Rs.1,00,000.00 | 45 Years |
| 4. | Junior Professional Consultant-Marketing | 01 | Rs.1,00,000.00 | 45 Years |

The Engagement of professionals will be made initially for a period of one year which may be extended further on satisfactory performance.
The last date for receiving the application for the above posts is **20.03.2024 upto 5:00 PM.** The Application format, Qualification, Experience, Terms and conditions of appointment and other details may be obtained from the office or downloaded from the **website- www.sidhkofed.com**
Sd./-Secretary
SIDHKOFED

SHIRT
TROUSER & JEANS
SALE
Formal & Party Wear
upto 60% off
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS LOUIS PHILIPPE Levi's
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

Divisa
International Women's Day
सच्ची सहेली आयुर्वेदिक औषधीय टॉनिक
एक छोटा-सा प्रयास,
देश की महिलाओं के लिए कुछ खास
आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर
दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. हर Indian Women के लिए लाया है
'स्वास्थ्य की सौगात'
Gift के तौर पर आज हम आपके घर भेजेंगे
सच्ची सहेली आयुर्वेदिक औषधीय टॉनिक
बिल्कुल FREE*
Shipping Charges
Only ₹50.00#
ऑफर केवल आज के लिए मान्य है


Helps in:
थकान
कमजोरी
कठिन दर्द
चिड़चिड़ापन
कमर कटना
इम्यूनिटी
MRP ₹215/-
Net. Qty. 205ml
Term & Conditions
1. दिए गए QR Code को अपने मोबाइल से स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.divisastore.com पर जाएं।
2. यह ऑफर दुकानदारों के लिए नहीं है, वे इसे री-सेल नहीं कर पाएंगे।
3. *One unit of Sachi Saheli Ayurvedic Tonic 205ml, M.R.P. ₹215.00 will be free, #Shipping charges are ₹50.00 (Prepaid) inclusive of all taxes.
4. चेकआउट करते समय Coupon Code MERAGIFT का use अवश्य करें।
5. सर्वाधिकार सुरक्षित।
Till stock lasts
24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all medical & general stores

हिन्दुस्तान 1936

# कश्मीर में प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कश्मीर घाटी की यात्रा जितनी सुखद है, उतनी ही ऐतिहासिक भी। प्रधानमंत्री ने वहां 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की 43 विकास परियोजनाओं का अनावरण-शिलान्यास करने के साथ ही सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली घाटी यात्रा थी और इसकी खूब चर्चा होनी ही चाहिए। घाटी के लोग जब प्रधानमंत्री को अपने बीच देख रहे थे, तो उन्हें जो खुशी हुई, उसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। श्रीनगर आतंकियों के शिकंजे से निकलकर अब जिस तरह से विकास की सांसें लेने लगा है, उससे निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों की जरूरत वहां बढ़ गई है। आरोप लगाने वाले अक्सर कहते थे कि प्रधानमंत्री श्रीनगर नहीं जा रहे हैं, क्योंकि वहां की स्थितियां अनुकूल नहीं हैं। अब इस यात्रा से ऐसे आलोचकों के आरोपों पर अंकुश लग सकेगा। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को जिस तरह से संबोधित किया है, उसकी गूंज घाटी के उन चंद रोशनी से महरूम इलाकों तक भी अवश्य पहुंची होगी, जहां अभी भी आतंकी यदा-कदा जा छिपते हैं।

इसमें कोई शक नहीं है कि प्रधानमंत्री का यह दौरा जितना विकास कार्यों को समर्पित था, उतना ही चुनाव को भी संबोधित था। इस दौरे से निस्संदेह भाजपा और कश्मीर में उसके समर्थकों को राजनीतिक बल मिलेगा। कश्मीर में पता नहीं, भाजपा कितनी सीटें जीत पाएगी, लेकिन प्रधानमंत्री के कश्मीर दौरे से बाकी देश में भाजपा की मजबूती का ही संदेश पहुंचेगा। नरेंद्र मोदी ने कश्मीर घाटी की जनसभा से भी विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा और दावा किया कि कुछ परिवार न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को, बल्कि पूरे देश को गुमराह कर रहे हैं। गौर करने की बात है कि विपक्ष के अनेक नेता यह कहते नहीं थकते थे कि जम्मू-कश्मीर से अगर अनुच्छेद 370 को हटाया गया, तो वहां कोहराम मच जाएगा। मगर अब यह इतिहास में दर्ज है कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया। इतना ही नहीं, जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा भी छिन गया। लद्दाख एक अलग केंद्रशासित प्रदेश हो गया। बेशक, आतंकवाद के निशाने पर रहे इस इलाके के शासन-प्रशासन में आमूल-चूल बदलाव जरूरी हो गया था, ताकि किसी भी तरह के अनुचित विरोध या हिंसा की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। कश्मीर में आतंकवाद भले पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ हो, लेकिन सरकार की रणनीतियां इस पूरे क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं।

**प्रधानमंत्री ने उचित ही याद दिलाया है कि एक युग था, जब गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जाती थीं, पर जम्मू-कश्मीर के भाई-बहन लाभ से वंचित रह जाते थे।**

प्रधानमंत्री ने अगर अब घाटी में अनुच्छेद 370 की उपयोगिता का प्रश्न उठाया है, तो वह गलत नहीं है। जो लोग वहां विकास की सीढ़ियां चढ़ने लगे हैं, जो लोग वहां अपने सपनों को साकार करने लगे हैं, वे सोच रहे होंगे कि उनके हाथ पहले ज्यादा मजबूत थे या अब हुए हैं? प्रधानमंत्री ने उचित ही याद दिलाया है कि एक युग था, जब गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जाती थीं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के भाई-बहन लाभ से वंचित रह जाते थे। अब समय बदल रहा है। कश्मीर में दो एम्स खुलने वाले हैं। शिक्षा और आरक्षण की सुविधा को बहाल किया गया है, वहां विकास तेज हुआ है। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री का यह दौरा लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 08 मार्च, 1949

### पंजाबियों के प्रति

सरदार पटेल ने हाल में पूर्वी पंजाब की यात्रा की थी। इस सिलसिले में एक से अधिक प्रसंग पर उन्होंने अपने दिल को खोलकर उनके सामने रख दिया। उनके उद्गारों में किसी को कहीं-कहीं तीखापन लग सकता है, किन्तु नग्न सत्य हमेशा तीखा ही होता है। इस तीखेपन के पीछे पंजाब के लोगों के हित और कल्याण की भावना निसंदिग्ध थी। सरदार पटेल ने पंजाब के लोगों को जो सलाह दी, उसमें दूरन्देशी है और पंजाबियों को उसे अपने दिल और दिमाग में स्थान देना चाहिए। यदि वे उस पर ईमानदारी के साथ अमल करने की कोशिश करेंगे, तो पंजाब को पिछले दिनों जो धक्का लगा है, उससे वह सम्हल सकेगा और अपनी पुरानी समृद्धि और उत्कर्ष को पुनः प्राप्त कर सकेगा, इसमें किसी को तनिक भी सन्देह नहीं होना चाहिए।

पंजाब का विभाजन हुआ, यह बुरा हुआ। किन्तु यह अनिवार्य था। अनिवार्य मानकर ही सभी ने उसे स्वीकार्य किया। विभाजन के साथ ही पंजाब पर जो मुसीबतों का पहाड़ टूटा, वह कल्पनातीत था। प्रान्त का सारा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ऐसी घटनायें घटित हुईं, जिनकी स्मृति से आज भी दिल कांप उठता है। किन्तु पंजाब के लोगों में गजब की सहन-शक्ति थी। उन्होंने मुसीबत में बवण्डर का सामना किया और सब कुछ सहन करते हुए अपने पांव जमाने में बहुत कुछ कामयाब हुए। जिस भूमि को उनके पूर्वजों और उन्होंने अपना खून-पसीना एक करके सरसब्ज बनाया; जहां उन्होंने भव्य मन्दिरों, गुरुद्वारों तथा शिक्षण संस्थाओं और इमारतों का निर्माण किया, उन सबको उन्हें छोड़कर चले आना पड़ा। वह भी ऐसी परिस्थितियों में, जिनकी याद स्थायी कटुता उत्पन्न करने वाली है। किन्तु वह मनुष्य नहीं जो अपनी हानि पर हमेशा रोता रहता है। ऐसे मनुष्य अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते। पंजाबियों को बुरे स्वप्न की याद को भूल जाना होगा। उन्हें भविष्य की ओर देखना होगा और कोई कारण नहीं कि वे अपनी नई भूमि को भी लहलहाती हुई न बना सकें। उनकी रचना करने की शक्ति नष्ट नहीं हो गई है। पंजाब कई दिशाओं में भारत का शीर्ष-स्थान रहा है। आज वह आहत और घायल हो सकता है, दुर्बल और साधन विहीन हो सकता है, किन्तु वही कल देश का स्वस्थ और सबल अंग बन सकता है। उसे ऐसा बनना चाहिए।

# बेटियों को हासिल होने लगी उड़ान

Join Magazine Group @ ₹60/m WhatsApp To 8969469464 Join Epaper Group @ ₹30/m WhatsApp To 8969469464



यहां स्कैन करें

अनिता भटनागर जैन | पूर्व आईएएस अधिकारी

**आइए, इस महिला दिवस पर उन स्त्रियों के साहस को सम्मानित करें, जो हमारे इर्द-गिर्द रहती हैं और अपने-अपने तरीके से रोजाना संघर्ष करके स्थितियां बदल रही हैं।**



लगातार मोबाइल की घंटी बज रही थी या वॉट्सएप पर महिला दिवस के कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण आ रहे थे। बस तीन दिन ही तो बाकी थे। अखबार खोला, तो पहले पेज पर समाचार था कि एक पिता ने कुल्हाड़ी से अपनी बेटी के टुकड़े-टुकड़े कर दिए, क्योंकि उसने विवाह करने के लिए मना कर दिया था। एक अन्य खबर थी, लड़की द्वारा दोस्ती का प्रस्ताव न स्वीकार करने पर लड़के ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंका। क्या लड़की को अपने बारे में 'न' कहने का भी अधिकार नहीं है? क्या पिता को हक था कि वह बेटी का जीवन ले ले या लड़का उसके चेहरे को विकृत कर दे?

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है- 'इन्वेस्ट इन वुमेन : एक्सलरेट प्रोग्रेस', यानी महिला-कल्याण से जुड़े प्रयासों में निवेश करें और उनकी प्रगति को गति दें। हर साल महिला दिवस का विषय अलग होता है, पर उद्देश्य एक ही होता है कि दुनिया की सभी लड़कियों और महिलाओं को आत्मसम्मान, बराबरी, आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की आजादी मिले। इस बार आर्थिक पक्ष पर बल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव का कहना है कि 2030 तक लक्षित 40 करोड़ रोजगार-सृजन में महिलाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

बेशक विश्व की 49.5 फीसदी आबादी महिलाओं की है, पर अनेक देशों में उनकी स्थिति बदतर है। दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्ध से हजारों परिवार विस्थापित होकर बिखर रहे हैं, इन सभी जगहों पर अधिकतम भुक्तभोगी महिलाएं ही हैं। कुछ देशों में, जहां कुछ वर्ष पूर्व तक महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त थी, वहां ये अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। आज जलवायु परिवर्तन के कारण कुदरती आपदाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और लोग विस्थापित हो रहे हैं। यह कह सकते हैं कि आपदाएं लैंगिक भेदभाव नहीं करतीं, मगर पुरुषों की तुलना में इनका 14 गुना अधिक बुरा प्रभाव महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। इस मिश्रित पृष्ठभूमि में 2023 का नोबेल पुरस्कार (अर्थशास्त्र) क्लॉडिया गोल्डन को मिलना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह सम्मान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गोल्डन का कार्य आर्थिक सिद्धांतों के मानवीकरण से संबंधित था कि किन कारणों से मुख्यधारा में पुरुषों और महिलाओं के श्रम के परिणाम भिन्न होते हैं!

भारत में देखें, तो अब महिलाएं तमाम क्षेत्रों में इस पारंपरिक नजरिये को ध्वस्त कर रही हैं कि कुछ कार्य केवल पुरुष ही कर सकते हैं। इसके ज्वलंत उदाहरण हैं- विश्व के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन में पहली बार महिला डॉक्टर का नियुक्त होना, आईएनएस त्रिंकट युद्धपोत की कमांड महिला को सौंपना, नेवी में एक हजार अग्निवीर महिलाएं, जो सबमरीन में भी कार्य करेंगी, आईआईटी (मद्रास) के जंजीबार कैंपस की निदेशक महिला को बनाना, 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी को विशिष्ट अतिथि बनाना, महिलाओं की मोटरसाइकिल टीम द्वारा अद्भुत करतब दिखाना आदि।

अपने यहां महिलाओं में वोट को लेकर भी जागृति पैदा हुई है। अब अनेक राज्यों में पुरुषों की तुलना में वे अधिक मताधिकार का इस्तेमाल करने लगी हैं। विभिन्न राजनीतिक दल अपने एजेंडे में महिलाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनको अब टिकट भी अधिक दिया जा रहा है। नतीजतन, देश की पहली संसद में जहां 24 महिला सांसद थीं, वहीं वर्तमान में 78 हैं। हालांकि, आम व्यक्ति के नजरिए को बदलना भी महत्वपूर्ण है। अब तो विशेषणों को भी महिलाओं और पुरुषों में बांट दिया गया है, जैसे- आकांक्षा, आत्मनिर्भरता, निश्चयात्मकता का उपयोग पुरुषों के लिए, और दयालु, उदार, करुणा, समानुभूति, बलिदान का उपयोग महिलाओं के लिए। परिवार और समाज में पर्यावरण और धार्मिक आयोजनों की मुख्य जिम्मेदारी भी महिलाओं की समझी जाती है।

यह सही है कि बहुत कुछ बदला है, पर काफी कुछ बदलना अभी शेष है। दहेज प्रथा आज भी जिंदा है। 'इंडिया ह्यूमन डेवलपमेंट सर्वे' के अनुसार, सिर्फ पांच प्रतिशत विवाह ही अंतर-जातीय है। बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 है, मगर माना जा रहा है कि कोरोना के बाद बाल विवाह में वृद्धि हुई है। महिला-पुरुष लिंगानुपात के मामले में नौ राज्यों में प्रत्येक हजार पुरुषों पर 900 महिलाएं भी नहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, प्रत्येक घंटे एक महिला दहेज की बेदी पर बलि चढ़ जाती है और दो का बलात्कार होता है। एक अन्य रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि बलात्कार के 99 फीसदी मामले दर्ज ही नहीं होते।

यह सब कैसे थमेगा? अपने घर-परिवार से ही बदलाव लाना होगा। न दहेज देना है, न लेना है, लड़कियों को अपने पैरों पर खड़ा करना है, उन्हें निर्णय की आजादी देनी है, लड़के-लड़कियों में फर्क खत्म करना है, बचपन से लड़कियों के प्रति लड़कों की मानसिकता सकारात्मक रूप से गढ़नी है, और लड़कियों को इस काबिल बनाना है कि वे अन्याय, हिंसा आदि के विरुद्ध मुखर हो सकें। सरकार की नीतियां व नियम बहुत हैं, इनको अमलीजामा हमें अपने घर और मुहल्ले में ही पहनाना है।

आइए, इस महिला दिवस पर हम उन महिलाओं के साहस को सम्मानित करें, जो हमारे इर्द-गिर्द परिवारों-मोहल्लों में रहती हैं और अपने-अपने तरीके से रोजाना संघर्ष करके स्थितियां बदल रही हैं। वह लड़की, जिसने बलात्कार के बाद रिपोर्ट लिखवाने की हिम्मत की; वह अशिक्षित मां, जिसने परिवार के विरुद्ध जाकर अपनी बेटी की शादी नहीं होने दी, बल्कि उसे पढ़ाया; वह विवाहिता, जिसने घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाई; वह दुल्हन, जिसने दहेज के लिए बारात वापस लौटा दी; वे लड़कियां, जिन्होंने अपमानजनक रिश्तों को तोड़ने की हिम्मत की; वे खिलाड़ी, जो परिवार-समाज की आलोचना के बावजूद मैदान में पहुंचीं; वह महिला, जिसने पैंट-शर्ट पहनकर सिक्योरिटी गार्ड का काम किया या फिर वे औरतें, जो घर और नौकरी के दोहरे दायित्व को बखूबी निभा रही हैं।

आज विश्व में 12 फीसदी, मगर अधिकतम महिला पायलट भारत में हैं। विकसित देशों से भी कहीं अधिक। आज लड़कियां आसमान में हवाई जहाज और फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं। हमें अपने घर की बच्चियों को पंख देना चाहिए। उन्हें उड़ने की आजादी देनी चाहिए। वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें, और उन्हें अपने जीवन के निर्णय लेने का अधिकार हो।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# हमें सहजता और सद्भाव का सुंदर संदेश देते महादेव



यहां स्कैन करें

राममोहन पाठक | कुलपति और शिक्षाविद्

शिव मानव मात्र के लिए सदैव शुभ और कल्याण के प्रेरक आदिदेव के रूप में सकारात्मकता के स्रोत रहे हैं। शिव की पांच छवियां बहुत उपयोगी और प्रभावी ढंग से लोक-मंगल से जुड़ी हैं। आशुतोष (शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव), नीलकंठ (लोकरक्षण और कल्याण के लिए समुद्र मंथन से निकले विष को पीने वाले), त्रिनेत्र (अनर्थकारी राक्षसी प्रवृत्तियों को भस्म करने वाले), नटराज (समस्त कला विधाओं के प्रेरणा देव) - 'कास्मिक डांसर' तथा उनका योगी रूप आज विश्व के समाज और आस्थावान लोगों के लिए शांति-समरसता की प्रेरणा का सूत्र बना हुआ है।

शिव की अत्यंत सौंदर्यपूर्ण, शांत मुद्रा और उनसे जुड़े प्रतीक त्रिशूल, सर्प, चंद्रमा, रुद्राक्ष आदि आज नई पीढ़ी के बीच खूब प्रिय हैं। शिव से संबंधित टैटू या गोदना का काफी चलन है। शिव के प्रति जैसा प्रेम अब युवाओं में दिखने लगा है, ऐसा पहले नहीं था। युवाओं को विशेष रूप से यह बात लुभाती है कि शिव ने सबके कल्याण के लिए विष तक पी लिया था। संसार का कोई ऐसा जीव या पशु-पक्षी नहीं, जो शिव की सेना का सदस्य नहीं हो। उनकी सेना में भूत-प्रेत, पिशाच, किन्नर भी शामिल हैं। सबको साथ लेकर चलने की वजह से शिव की महिमा प्रभावी हो जाती है। उनके यहां भय का नामोनिशान नहीं रह जाता है। आज भी अगर कोई सभी को साथ लेकर चले, तो उससे ज्यादा निडर कोई दूसरा हो नहीं सकता। शिव की नगरी काशी में निडरता तो मरण को भी मंगल बना देती है- *मरणं मंगलम् यत्र...।*

**आदिदेव शिव की नगरी काशी में निडरता तो मरण को भी मंगल बना देती है- *मरणं मंगलम् यत्र...* / महाशिवरात्रि पर विशेष...**

शिव परिवार के महत्व को भी बखूबी दर्शाते हैं। परिवार में सभी जिम्मेदार और सेवारत हैं और इसीलिए सभी सदस्य संपूर्ण समाज के लिए उपयोगी हैं। शिव देवताओं के समाज में सबसे सुंदर व समावेशी परिवार के मुखिया हैं। अपने सभी सहचरों के साथ सहभाव से शिव का सर्वसमावेशी स्वरूप प्रतिबिंबित होता है।

मस्तमौला, निर्विकार, योद्धा, नर्तक, संगीतज्ञ, आशुतोष आदि रूपों में शिव की खूब मान्यता है। आज के युवा शिव पर मोहित हो रहे हैं, तो कोई आश्चर्य नहीं। शिव के पास ऐसा हर कुछ है, जो मनुष्यों को सुख के शिखर पर पहुंचा सकता है। आप उनके गुणों को गिनते चले जाते हैं। आज अगर आधुनिकता में डूबे युवा भी शिव को खोजने लगे हैं, तो स्वाभाविक ही है। इसका एक उदाहरण देखिए, हाल ही में कर्नाटक के श्रीरंगपत्तिनम नगर के तीन सदी पुराने वीरभद्र स्वामी-शिवमंदिर का पुनरुद्धार युवाओं ने मिलकर किया है, इसकी चर्चा और सराहना प्रधानमंत्री अपने संबोधन में भी कर चुके हैं।

भारतीय युवाओं के उज्ज्वलतम प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद ने 1898 में अपनी अमरनाथ यात्रा के बाद भगवान शिव को अपने जीवन और मस्तिष्क के 'सार्वकालिक प्रभावी तत्व' के रूप में स्वीकार किया था। शिव के नृत्य और 14 बार डमरू निनाद से व्याकरण और संगीत के छंद एवं ताल की सृष्टि हुई थी। ये 14 सूत्र ही संस्कृत भाषा एवं व्याकरण के मूल आधार हैं। शिव को 'पिनाकपाणि' भी कहा गया है। उनके हाथ का धनुष प्रलयंकारी प्रत्यंचा से युक्त है। वस्तुतः शिव कला-विद्या, राग-अनुराग और वैराग्य के देव हैं। *कठोपनिषद्* के वाक्य - *सत्यं, शिवं, सुंदरम्* के वह जीवंत प्रतीक देव हैं। प्रेम के साथ ही निर्लिप्तता और निरपेक्षता का भाव भी शिव को विशिष्टता और अनुकरणीय बना देता है।

भारतीय जनजीवन में शिव अनेक रूपों में विद्यमान रहे हैं। शिव, शंकर, त्रिलोकी, विश्वनाथ, भोलेनाथ, महादेव, महायोगी, पशुपति, शंभु, महेश, महेश्वर, विषपायी-नीलकंठ, त्रिलोचन, नटराज आदि रूपों में शिव की अभ्यर्थना सनातन धर्म की सदियों पुरानी परंपरा के रूप में अस्तित्व में रही है।

लौकिक मान्यताओं के अनुसार, शिवरात्रि शिव के विवाह की तिथि और पर्व है। इस दिन को शिव-पार्वती के विवाहोत्सव के रूप में मनाए जाने के साथ ही उमंग और उपवास के अद्भुत समन्वय क्रम के रूप में देखना अनुचित नहीं होगा। इस दिन शिव की नगरी के रूप में ख्यात काशी झूम उठती है और याद करते हैं कि कैसे निकली होगी शिव-बारात, जिसमें देव, दानव, भूत-पिशाच, पशु-पक्षी, राजा-रंक, सभी शामिल हुए होंगे और कैसी अनुपम एकता स्थापित हुई होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# शिव की शरण सबसे प्यारी

एक बार किसी साधक ने प्रश्न किया, 'बाबा! मेरी एक आशंका दूर करें। मनुष्य को भी शिव का आशीर्वाद प्राप्त है और भूत-पिशाच भी उनके साथ रहते हैं, आखिर भगवान शिव की प्रकृति क्या है?' व्यावहारिक जीवन में शिव कोमल, अति कोमल, कुसुम से भी कोमल हैं। शिव की नीति कहती है- मनुष्य भूल करेगा ही। जब इंद्र, अग्नि, वरुण आदि वैदिक देवता भूल कर सकते हैं, तो साधारण मनुष्य से कैसे भूल नहीं होगी? यदि उसने आज भूल की है, तो कल उसे सुधार भी तो सकता है।

शिव की नीति कहती है, जब कोई अन्याय करता है, तो उसे सत्पथ पर लाने के लिए तीन शूलों (त्रिशूल) से आघात करो- उसे उसकी गलती का आभास कराओ, लेकिन जिस क्षण वह अपनी भूल सुधार लेता है, उसे प्यार से गले लगा लो। शिव ने जो कुछ किया, मनुष्यता में सुधार लाने के लिए ही किया। इसीलिए तो उनको प्रणाम करते समय कहते हैं- 'हे पिनाकपाणे, हे वज्रधर, आपको बार-बार नमस्कार! आपका वज्र कष्ट देने के लिए नहीं, बल्कि हम नादान मनुष्यों को सुधारने के लिए है।' शिव अपने शरणागत के सारे पुराने दोष भूल जाते हैं। अनुतप्त मनुष्यों की शिव से यही प्रार्थना होती है कि 'महादेव, आपकी शरण में न आऊं, तो और कहां जाऊं? आपको छोड़ मुझे भला कौन शरण देगा? आप ही तो भोलेनाथ हो। मैंने इतने पाप किए, फिर भी आपने मुझे क्षमा कर दिया। हे भगवन्, आप कितनी सहजता से प्रसन्न हो जाते हो, आप आशुतोष हो।'

गौर कीजिए, जो असुर आर्यों की घृणा के पात्र थे, आर्यों ने जिनको त्याग दिया था, उन्होंने भी शिव से शरण मांगी और उन्हें शरण मिली। आपने पढ़ा-सुना होगा कि असुर गण स्तुति के लिए शिव के पास खड़े हैं, उन्हें वरदान मिल रहा है और शिव उनकी सहायता के लिए देवताओं के विरुद्ध आगे बढ़ जाते हैं। देवता का अर्थ है आर्य। आर्य असुरों का सर्वनाश चाहते थे। मगर शिव ने उन्हें बचाया था। इस आर्य-अनार्य संघर्ष की स्थिति में समन्वयकारी शिव का आविर्भाव हुआ था। शिव ने हर समय यही चाहा कि सभी शांतिपूर्ण ढंग से जीवन-यापन करें। इसके लिए एक उत्कृष्ट आदर्श स्थिति को ग्रहण करना पड़ेगा। यदि आदर्शों पर आघात होगा, तो उसका असर मनुष्य पर होगा ही। फिर शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व की स्थापना न हो सकेगी।

**शिव की नीति कहती है, जब कोई अन्याय करे, तो उसे उसकी गलती का आभास कराओ, लेकिन जिस क्षण वह अपनी भूल सुधार ले, तो उसे प्यार से गले लगा लो।**

देवाधिदेव महादेव ने अपने परिवेश से, अपने गणों के जरिये यही सिखाया है कि तुम सब परमपिता की संतान हो। तुम सबको इस पृथ्वी पर वास करने का अधिकार है। तुम इस अधिकार को पा सको, इस आदर्श में पुनर्वासित हो सको, इसमें मदद के लिए मैं प्रस्तुत हूं। इसीलिए कहते हैं, शिव अच्छा-बुरा सब कुछ स्वीकार करते हैं। उनकी शरण में जाओ, सारे पाप धुल जाएंगे!

श्री श्री आनंदमूर्ति




# स्त्रियों के लिए कई काम हुए, कई बाकी

भारत के आजाद होने के बाद से ही महिलाओं के उत्थान के लिए समाज और सरकार ने मिलकर कई बेहतर कदम उठाए हैं। फिर चाहे मसला शिक्षा स्तर सुधारने का हो या रूढ़िवादिता को खत्म करने का, पुरुषों के साथ बराबरी की बात हो या देश के शासन-प्रशासन या राजनीति में उनकी हिस्सेदारी की, आकाश में उड़ान की सोच हो या जमीन पर रफ्तार पकड़ने की, वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करने की मंशा हो अथवा फौज में जाकर दुश्मनों को धूल चटाने की, सभी को साकार करने के लिए सरकार व समाज के साथ परिवार का भी सहयोग महिलाओं को मिला।


बावजूद इसके कुछ विक्षिप्त सोच या वहशी प्रवृत्ति के लोगों की, चाहे वे किसी भी क्षेत्र या तबके के हों, दुर्गंधित भावनाओं के कारण छोटी-छोटी बच्चियों से लेकर उम्रदराज महिलाओं तक को अपमान का सामना करना पड़ता है। यह सही है कि सरकार और समाज ने नारी को अबला से सबला बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है, किंतु जिस तरह एक गंदी मछली पूरे तालाब में दुर्गंध फैला देती है, उसी तरह गंदी सोच वाले लोग सभ्य समाज में नारी सुरक्षा को ताक पर रखने का काम करते हैं। इसे हम अक्सर कभी निर्भया, तो कभी निर्दयता के रूप में अखबारों-टीवी या संचार के अन्य माध्यमों में पढ़ते, सुनते और देखते आए हैं।

ऐसा नहीं है कि यह केवल अपने देश की स्थिति है। दुनिया का ऐसा कोई कोना नहीं, जहां गलत सोच के लोग न बसते हों। इन्हीं से मुक्ति पाने के लिए दुनिया 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' मनाती है, ताकि नारी सशक्तीकरण की दिशा में दुनिया की तमाम सरकारें अपने-अपने यहां उचित व्यवस्था करें। महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के लिए हर नारी को जागरूक करना आवश्यक है। जिस तरह से परिवार की गाड़ी दोनों पहियों के बल पर ही आगे बढ़ती है, उसी तरह से देश व दुनिया का रथ भी नर-नारी, दोनों के सहयोग से ही खिंच सकेगा। जब दुनिया समावेशी विकास के पथ पर आगे बढ़ेगी, तभी महिला दिवस मनाने की सार्थकता भी है। वैचारिक रूप से हम भले ही बराबरी की तमाम बातें कर लें, लेकिन जब तक व्यावहारिक रूप से महिला और पुरुषों में समानता नहीं आएगी, तब तक निर्भया जैसे कांडों से बच पाना मुश्किल है।

यह डगर कठिन जरूर है, लेकिन जिस तरह के प्रयास हो रहे हैं, उससे सफलता दूर भी नहीं। समाज और सरकार को 'कर्मस्य फलं' की तरह अपनी कोशिशें जारी रखनी चाहिए।

शकुंतला महेश नेनावा, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



# नारी नहीं, नागरिक समानता का यह वक्त

आज नारी-शक्ति की बातें खूब हो रही हैं। मानो वे बेहद पीड़ित हों। निस्संदेह, औरतें पीड़ित हैं और प्रताड़ित भी। कहीं-कहीं तो वे असहनीय भेदभाव की शिकार भी हैं। उनके साथ यौन प्रताड़ना के मामले भी अक्सर सामने आते हैं। मगर मैं इस पूरे परिदृश्य को एक अलग चश्मे से देखता हूं। असल में, हमारा देश धर्म प्रधान है और सभी धर्मों में नर-नारी की समानता की ही बात की गई है। और, हमने असल जीवन में 'थर्ड जेंडर' को भी नागरिक का दर्जा दे दिया है। ऐसे में, अलग से नारी सम्मान की बातें करने का भला क्या औचित्य? अगर ये बातें हो रही हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि नागरिक समानता के भाव अब तक आम व्यवहार में नहीं उतर सके हैं। संयोग की बात है कि इस बार 8 मार्च को महिला दिवस और महाशिवरात्रि एक साथ मनाया जा रहा है, तो लोगों को शिव का अर्द्धनारीश्वर स्वरूप भी याद आएगा। नारी सशक्तभ्करण का इससे अच्छा संदेश हमें और कुछ नहीं मिल सकता। क्यों न हम नर-नारी के साथ 'अन्य' को भी अपने जेहन में याद रखें। नारी सशक्तीकरण या नारीवादी आंदोलन की अलग से भला क्या जरूरत?

मुकेश कुमार मनन, टिप्पणीकार

### एक पहलू यह भी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का मकसद स्पष्ट है, महिलाओं का उत्थान। यह वाजिब भी जान पड़ता है, खास तौर से उस समाज में, जहां औरतों को दोयम दरजे का समझा जाता है। भारत ने काफी हद तक इस मानसिकता से पार पा लिया है। यहां के समाज में औरतों के उत्थान के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिसका फायदा यह हुआ है कि अब हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ चली हैं। मगर इस सक्रियता का नुकसान भी हुआ है। जैसे, परिवार को जोड़कर रखने में महिलाओं की मुख्य भूमिका मानी जाती है, लेकिन आज कुछ लड़कियां ससुराल जाने के बाद संयुक्त परिवार में रहना पसंद नहीं करतीं। वे एकल परिवार में रहना पसंद करती हैं। फिर, महिलाओं में सहनशीलता भी कम हुई है। नतीजतन, तलाक के मामले बढ़ने लगे हैं। इसी तरह, कुछ औरतें धन-दौलत को ही सर्वोपरि मानती हैं। औरतों का नौकरी करना अच्छी बात है और इससे उनमें आत्मविश्वास भी पैदा होता है, लेकिन कभी-कभी कामकाजी लड़कियां नौकरी के आगे अपने परिवार को तुच्छ समझने लगती हैं। इसलिए, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सिर्फ गुणगान से बचिए। हमें ऐसे मामलों पर चिंतन भी करना चाहिए, ताकि हम एक बेहतर समाज की रचना कर सकें।

रुचि झा, टिप्पणीकार

# अपनी सेहत के लिए भी अब बढ़ाएं कदम

## 08 मार्च : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**महिलाओं की सेहत से जुड़े आंकड़ें चिंतित करने वाले हैं। बात केवल छोटे गांव-शहरों की महिलाओं की नहीं है। महानगरों की शिक्षित व कामकाजी महिलाओं में भी अपनी सेहत संबंधी समस्याओं, जरूरी जांच, टीकाकरण की जानकारी की कमी देखने को मिलती है। आज के मौके पर जरूरी है कि महिलाएं अपनी सेहत के लिए भी खड़ी होने का संकल्प लें, बता रही हैं शमीम खान**

महिला दिवस पर अकसर महिलाओं के अधिकारों और उनकी उपलब्धियों की तो खूब चर्चा होती है। पर, उनकी सेहत की बात कम होती है। सरकारी नीतियों और प्रयासों की जरूरत तो है ही, पर दिक्कत है कि स्वयं महिलाएं अपनी सेहत को गंभीरता से नहीं लेतीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं में से हर दूसरी महिला ऑस्टियोपोरोसिस की शिकार है। हैदराबाद स्थित आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन के अनुसार हमारे देश में 15-49 वर्ष की महिलाओं में से 57 प्रतिशत को एनीमिया है। वहीं, पिछले 10-15 सालों में महिलाओं में हृदय रोगों के मामले पांच गुना तक बढ़े हैं। ये आंकड़ें महिलाओं की सेहत का सिर्फ छोटा-सा एक नमूना है।

### शरीर की पोषण जरूरतों को समझें

नौ साल तक के लड़के और लड़कियों को एकसमान पोषक तत्वों की जरूरत होती है। लेकिन, उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक परिवर्तनों के कारण दोनों की पोषक तत्वों की जरूरतें बदल जाती हैं। एक युवा पुरुष को प्रतिदिन 2000-2500 किलो कैलोरी चाहिए, जबकि उसी आयु की महिला को 1800-2200 किलो कैलोरी की। इसका अर्थ यह नहीं कि महिलाओं के शरीर को पोषक तत्वों की कम आवश्यकता होती है। सच यह है कि उम्र के विभिन्न पड़ाव पर उन्हें ज्यादा पोषक तत्वों की जरूरत होती है। मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और मीनोपोज के कारण उनमें कई शारीरिक बदलाव होते हैं। ऐसे में पोषक तत्वों की कमी का होना गंभीर परिणाम वाला साबित होता है।

- 19 से 50 साल की महिलाओं को प्रतिदिन 18 मिलिग्राम आयरन की आवश्यकता होती है। गर्भावस्था में आयरन की जरूरत और बढ़ जाती है।
- 50 से कम उम्र की महिलाओं को प्रतिदिन 1,000 मिलिग्राम कैल्शियम और 50 वर्ष से अधिक के लिए 1,500 मिलिग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है।
- महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को फॉलिक एसिड और विटामिन बी6 की अधिक जरूरत होती है, ताकि गर्भस्थ शिशु के तन-मन का विकास ठीक हो सके।
- प्रोटीन जरूरी पोषक तत्व है। मीनोपाज के बाद भोजन में प्रोटीन की कमी महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को 30 फीसदी तक बढ़ा देती है।

### वैक्सीन से करें बीमारियों का बचाव

अमेरिका स्थित सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) ने महिलाओं के लिए पांच टीकों की सिफारिश की है ताकि गंभीर संक्रमणों के खतरे को कम किया जा सके।

- **ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन :** सर्वाइकल कैंसर के अधिकतर मामले एचपीवी से जुड़े हैं। यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। लड़कियों को 11-12 साल की उम्र में ये वैक्सीन लगवा लेना चाहिए।
- **इंफ्लुएंजा वैक्सीन :** वयस्क महिलाओं को साल में एक बार यह वैक्सीन लगवानी चाहिए। अगर गर्भधारण की योजना है तो डॉक्टर की सलाह से फ्लू शॉट लें।
- **वैरिसेला (चिकनपॉक्स) :** युवा महिलाओं को वैरिसेला (चिकनपॉक्स) के लिए वैक्सीन लगवानी चाहिए, पर गर्भवती महिलाओं को नहीं।
- **मीसल्स, मम्प्स, रूबेला (एमएमआर) :** जिन्हें बचपन में यह टीका नहीं लगा, उन्हें इसे लगवाना चाहिए। 50 साल या अधिक की महिलाओं को इसकी सलाह देते हैं। पर, गर्भावस्था में इसे न लगवाएं। अगर ये वैक्सीन ली है तो कम से कम तीन माह बाद ही गर्भधारण करना चाहिए।
- **टिटनेस, डिप्थेरिया, पर्टुसिस (टीडी, टीडीएपी):** यह केवल 7 वर्ष और उससे अधिक की उम्र के लिए है। टीडी आमतौर पर हर 10 साल में बूस्टर खुराक के रूप में दिया जाता है या गंभीर चोट लगने पर 5 साल के बाद।
- **अतिरिक्त वैक्सीन :** अपनी जरूरत की वैक्सीन के बारे में डॉक्टर से संपर्क करें। वे आपकी स्वास्थ्य समस्याओं, जीवनशैली, आदतों व यात्रा करने की योजना के आधार पर हेपेटाइटिस ए, बी और न्युमोकोकल वैक्सीन की जरूरत पर सलाह देंगे।



**02** में से 1 महिला देश में एनीमिया की शिकार है, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार।

**3.4** लाख मामले सर्वाइकल कैंसर के सामने आए बीते वर्ष में

## बीमारियों के बढ़ते दायरे को पहचानें

### स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर

महिलाओं में होने वाले ये दो प्रमुख कैंसर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ें कहते हैं कि 2020 में विश्वभर में स्तन कैंसर के सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, हर 28 में से 1 भारतीय महिला को स्तन कैंसर होने का खतरा है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाश्य की ग्रीवा जिसे सर्विक्स कहते हैं, में विकसित होता है। शारीरिक संबंध बनाने से संचारित होने वाले वायरस (ह्युमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) इसका प्रमुख कारण है। हालांकि, नियमित स्क्रीनिंग और एचपीवी के विरूद्ध वैक्सीन लेकर इसके खतरे को कम कर सकते हैं। इसी तरह स्तन कैंसर के लक्षणों की जानकारी बढ़ाएं व अपने स्तर पर इसकी नियमित जांच करें।

### एनीमिया

महिलाओं में खून की कमी के मामले अधिक होते हैं। डाइटिंग, माहवारी में अधिक रक्तस्राव और गर्भाशय में ट्यूमर होने पर एनीमिया की आशंका बढ़ जाती है। स्तनपान कराने वाली महिलाओं में भी इसका खतरा रहता है। एक स्वस्थ महिला में हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर 11 ग्राम/डीएल होता है। अगर यह स्तर 9-7 ग्राम/डीएल हो तो यह माइल्ड एनीमिया है, जो खानपान से ठीक हो सकता है। 6-4 ग्राम/डीएल होने पर तुरंत उपचार जरूरी है। गर्भावस्था में एनीमिया होना मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए घातक है।

### ऑस्टियोपोरोसिस

उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों से कैल्शियम कम होने लगता है, घनत्व कम होने से हड्डियां भुरभुराने लगती हैं। ऐसे में जरा चोट से उनके टूटने की आशंका बढ़ जाती है। पोषण व सही जीवनशैली की अनदेखी के कारण कम उम्र में भी महिलाएं इसकी शिकार हो रही हैं। मीनोपॉज में खास ध्यान देना जरूरी है। नितंबों, रीढ़ व कलाई की हड्डी पर असर अधिक होता है। गर्भनिरोधक दवाएं, मोटापा कम करने, बाल झड़ने से रोकने व झुर्रियों से बचने के लिए स्टेरॉइड दवाएं भी इसकी आशंका बढ़ाती हैं।

### हार्मोन असंतुलन

महिलाओं में जीवन के विभिन्न चरणों जैसे मासिक चक्र प्रारंभ होने और उसके चालू रहने के दौरान, गर्भावस्था और मीनोपॉज के दौरान हार्मोनों के स्तर में उतार-चढ़ाव आते हैं। हार्मोन असंतुलन पर ध्यान न देना जीवन की गुणवत्ता पर असर डालता है। महिलाओं की जीवनशैली, पोषण, व्यायाम, तनाव और बढ़ती उम्र भी हार्मोन असंतुलन का कारण बन सकती हैं। हार्मोन असंतुलन मीनोपॉज के बाद ही नहीं होता। कई महिलाएं सारी उम्र हार्मोन असंतुलन से परेशान रहती हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य

अवसाद और दूसरे मानसिक विकार के मामले महिलाओं में तेजी से सामने आ रहे हैं। मानसिक सेहत की अनदेखी न करें। बेचैनी, डिप्रेशन जैसी समस्याएं पूरी ठीक हो सकती हैं। प्रसव के बाद करीब 80% महिलाएं डिप्रेशन अनुभव करती हैं। यदि प्रसव के 6 सप्ताह बाद थकान, उदासी, भावनात्मक अस्थिरता, रोना, चिड़चिड़ापन, बच्चे को संभालने में उलझन, स्तनपान में असहजता है तो डॉक्टर से बात करें। समय रहते उपचार न कराने पर ये समस्या लंबे समय तक बनी रहती है।

## न करें बीमार होने का इंतजार

**महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच जरूरी है। इससे रोगों की पहचान शुरू में हो जाती है। ज्यादातर चेकअप कम समय में, आसान व दर्दरहित होते हैं।**

- **पैप स्मीयर :** सर्वाइकल कैंसर की पहचान के लिए इसमें सर्वाइकल कोशिकाओं की जांच की जाती है। यह टेस्ट 21 की उम्र में कराना चाहिए, फिर हर तीन साल में एक बार।
- **मैमोग्राम :** 40 साल का आंकड़ा छूते ही महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की पहचान के लिए यह टेस्ट कराना चाहिए। इसे हर साल कराएं। अगर पारिवारिक इतिहास है तो 20 के बाद से ही यह टेस्ट कराएं।
- **ब्लड प्रेशर :** अनियंत्रित रक्तदाब हृदय रोगों का सबसे बड़ा जोखिम है। 20 के बाद से ही नियमित बीपी जांच करें।
- **कोलेस्ट्रॉल का स्तर :** कोलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर हृदय रोगों को बुलावा देता है। यदि परिवार में हृदय रोगों का इतिहास है तो जांच को गंभीरता से लें।
- **बोन डेनसिटी टेस्ट :** उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। 35 के बाद बोन डेनसिटी टेस्ट 2 साल में 1 बार कराएं।
- **थायरॉइड फंक्शन टेस्ट :** महिलाओं में थायरॉइड संबंधी गड़बड़ी अधिक होती हैं। थकान, माहवारी चक्र व वजन में बदलाव हो तो इसे जरूर कराएं।
- **गायनेकोलॉजिकल एक्जाम :** गंभीर रोग जैसे ओवेरियन सिस्ट, फायब्रॉइड्स, एंडोमेट्रियोसिस का पता चलता है।

### गर्भावस्था में जरूरी टेस्ट

गर्भावस्था में हेमोग्राम, ब्लड टाइप एंड आरएच फैक्टर, हेपेटाइटिस बी, एचआईवी, सिफलिस स्क्रीनिंग, डबल मार्कर टेस्ट, डीआईपीएसआई, एनटी स्कैन, एनोमैली स्कैन, ग्रोथ स्कैन टेस्ट डॉक्टरी सलाह के अनुसार जरूरी हैं।

### सेहत में करें निवेश

महिलाएं चाहे घरेलू हों या कामकाजी उन्हें थोड़ा पैसा अपनी सेहत में निवेश करना चाहिए। गंभीर रोगों के बढ़ते मामलों और मंहगी होती चिकित्सा सेवाओं को देखते हुए हेल्थ इंश्योरेंस लेना जरूरी है। इसमें नियमित अंतराल पर कुछ तय प्रीमियम भरना पड़ता है, पर आप मेडिकल इमरजेंसी के समय तनाव और बहुत सारी आर्थिक परेशानियों से बच जाती हैं। हमारे देश में कई सरकारी और निजी हेल्थ इंश्योरेंस योजनाएं उपलब्ध हैं, इन्हें अपनी सुविधा और आवश्यकता से चुन सकती हैं। स्वास्थ्य बीमा को बढ़ावा देने के लिए इसमें आयकर में छूट भी दी जाती हैं। यहां तक कि प्रेग्नेंसी के लिए भी इंश्योरेंस प्लान हैं।

हमारे विशेषज्ञ : **डॉ. आस्था दयाल**, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, सी. के. बिरला हॉस्पिटल, गुरूग्राम। **डॉ. ए.के. झिंगन**, सीनियर डायरेक्टर, इंटरनल मेडिसीन, बीएलके मैक्स, दिल्ली। **डॉ. रेनू गहलोत**, सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट, गहलोत हेल्थ केयर, कानपुर

---

सवाल-जवाब

# घुटनों की ग्रीस बनाने में दवाओं का कितना असर?

**मैं पिछले पांच माह से घुटने घिसने का इलाज करा रही हूं। कैल्शियम और विटामिन डी का कोर्स पूरा हो चुका है। मैं कार्टिलेज के लिए एक दवा भी रोज ले रही हूं। यह दवा कब तक खानी चाहिए? मेरी उम्र 61 साल है। क्या कार्टिलेज बनाने वाली कोई अच्छी दवा है?**



**डॉ. साइमन थॉमस**
डायरेक्टर, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग

उम्र बढ़ने के साथ कई बार घुटने घिस जाते हैं। कैल्शियम, विटामिन डी और कार्टिलेज बनाने की दवाएं इसमें जरूर कुछ हद तक राहत देती हैं। कार्टिलेज या ग्रीस बनाने की दवा कितना काम कर पाएंगी, यह इस पर निर्भर करता है कि घुटने में खराबी कितनी है। जो दवा आप ले रही हैं, उसे लेते अगर पांच माह हो गए हैं, तो हड्डी रोग विशेषज्ञ से सलाह लें। आपके एक्सरे से तय होगा कि घुटनों में कितनी खराबी है। शुरुआती स्थिति में कुछ दवाएं होती हैं, जिन्हें 3 से 6 माह तक लिया जा सकता है। खराबी ज्यादा होने पर घुटने के अंदर ग्रीस (हयलूरोनिक एसिड), प्लटेलेट रिच प्लाज्मा, ग्रोथ फैक्टर इत्यादि इंजेक्शन दिए जा सकते हैं। आराम न होने पर घुटना प्रत्यारोपण किया जाता है।



**मैं पिछले 15 साल से डीप वेन थ्रम्बोसिस से परेशान हूं। इसका सही उपचार क्या है और मुझे किसे दिखाना चाहिए?**
डीप वेन थ्रम्बोसिस खून की नसों में धक्का जमने की तकलीफ होती है। इसका उपचार इस पर निर्भर करता है कि इसका असली कारण क्या है? कई बार खून में कुछ पदार्थों की कमी, कई प्रकार के कैंसर, लिवर आदि की खराबी से भी यह हो सकता है। जिस कारण से यह समस्या है, उसका इलाज करने पर यह ठीक हो जाता है। अगर कोई कारण न हो तो खून पतला करने की दवाएं लेनी पड़ती हैं। इस तकलीफ का इलाज वैस्क्युलर सर्जन और फिजिशियन करते हैं। आपको इन दोनों से सलाह लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 26 साल है। वजन 64 किलो है। मुझे कद बढ़ाना है? क्या दवा या व्यायाम से लाभ होगा?**
इस उम्र में किसी भी दवा या व्यायाम से कद नहीं बढ़ाया जा सकता। आमतौर पर लड़कियों में 14 से 16 साल और लड़कों में 16 से 18 साल तक ही कद बढ़ता है। बच्चों का कद मां बाप के कद पर भी निर्भर करता है। इस उम्र में कद बढ़ाने के लिए टांग की हड्डियों को लंबा करने का ऑपरेशन संभव है। पर, कद बहुत कम नहीं है तो ये ऑपरेशन करने की सलाह नहीं दी जाती। इलिजारोव तकनीक से ये ऑपरेशन करते हैं, इसमें ठीक होने में 1 से 2 वर्ष का समय लगता है।

**स्पॉन्डिलाइटिस के कारण गर्दन और गले में दर्द रहता है। मुझे डिस्क ब्लज की समस्या भी है। क्या करूं?**
वर्तमान में स्पॉन्डिलाइटिस का प्रमुख कारण गर्दन और शरीर का खराब पॉस्चर है। इस कारण अब कम उम्र में भी यह समस्या सामने आ रही है। डिस्क बल्ज और स्पॉन्डिलाइटिस दोनों का इलाज शरीर का पॉस्चर ठीक करने से हो सकता है। नियमित गर्दन की मांसपेशियों का व्यायाम, अच्छा खान-पान, तनाव से मुक्ति, विटामिन डी की उचित खुराक से इस पर कंट्रोल पाया आ सकता है। आराम न आने पर अपने हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा फिजियोथेरेपिस्ट से मिलें।

### भेजें अपने सवाल

अपनी सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं

तन-मन, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर- 201301 (उत्तर प्रदेश)

---

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**वृष :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। कारोबार के प्रति सचेत रहें। कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा।

**कर्क :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परंतु मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि होगी।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धर्म के प्रति श्रद्धा-भाव रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। मीठे खान-पान में रुचि रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परंतु कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**धनु :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता भी रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर :** बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। संपत्ति का विस्तार हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी


08 मार्च, शुक्रवार, 18, फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 25 फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 26, शब्बान सन् 1445, फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी (विक्रमी संवत्) रात्रि 09.58 बजे पश्चात चतुर्दशी, धनिष्ठा नक्षत्र, सिद्ध योग, गर करण, चंद्रमा मकर राशि में रात्रि 09.20 मिनट तक उपरांत कुंभ राशि में। **सूर्य उत्तरायण**। सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 09.58 बजे से। पंचक प्रारंभ रात्रि 09.20 बजे से। श्री महाशिवरात्रि व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरी बेटी शादी नहीं करना चाहती है। कृपया इसका कोई वास्तु अनुसार उपाय बताएं?
–देवकी, कानपुर

- आपके घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा, जो मुखिया या गृह स्वामी को ताकत देती है, नीची है। इसके कारण गृह स्वामी की स्थिति कमजोर है और उसका प्रभाव भी कम है। इससे आपकी चलती नहीं है। पहले अपने घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा को ऊंचा तथा भारी करिए। यहां पर भारी सामान जैसे अलमारी, संदूक आदि रखें। अपना शयन कक्ष भी यही बनाएं। घर की पूर्व दिशा में हरे पौधे रखें। उत्तर पश्चिम दिशा में सफेद या ऑफ वाइट परदे लगाएं।

### वर्ग पहेली : 7536



**बाएं से दाएं**
1. तंदुरुस्त होने की स्थिति; स्वस्थ होने की अवस्था; स्वास्थ्य (4)
3. अंकुरित होना; पल्लवित होना; फलना-फूलना; हरा-भरा होना (4)
7. हिलना; थरथराना; डरना; भयभीत होना (3)
8. अधिक आबादी वाली बस्ती; शहर (3)
9. इकट्ठा किया हुआ; मिला हुआ; संयुक्त (4)
10. घड़ियाल; लेकिन (3)
12. मुरझाना; सूखना; अंत होना; प्राण त्यागना; समाप्त होना (3)
14. सिद्धि; पूर्णता; कामयाबी (4)
15. प्रतियोगी दरों पर माल उपलब्ध कराने के लिए दिया गया आमंत्रण; टेंडर (3)
16. तानने का भाव; तानने की क्रिया; खिंचाव (3)
17. लपट उठना; दहकना; भड़कना (4)
18. नाम के अनुरूप; जैसा नाम (4)

**ऊपर से नीचे**
2. अनुचित प्रयोग; गलत इस्तेमाल (5)
4. ताजा; हाल ही का (5)
5. रिश्तेदारी निभाना; संबंध रखना (2,3)
6. कृपालु होना; दयालु होना (5,2)
10. मद्य सेवन की मनाही; नशाबंदी; मद्यपान पर लगी रोक; शराबबंदी (5)
11. रस देने वाला; रसीला; रसयुक्त (5)
13. चलना; प्रस्थान करना; विदा होना (3,2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7535 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | 2 वि | न | य | ■ | 3 ठ | 4 ह | रा | 5 व |
| ■ | चा | ■ | ■ | 6 सां | ■ | ल | ■ | र्ण |
| 7 पै | र | द | 8 बा | क | र | च | ल | ना |
| ■ | शी | ■ | 9 द | ल | ■ | ल | ■ | ती |
| 10 अ | ल | ■ | ल | ■ | 11 मि | ■ | 12 म | त |
| व | ■ | 13 ब | ■ | 14 शि | ला | ■ | र्ज | ■ |
| 15 चे | ह | रा | फ | क | प | ड़ | जा | ना |
| त | ■ | म | ■ | न | ■ | ■ | न | ■ |
| 16 न | व | द | ल | ■ | 17 गु | म | ना | म |

### सुडोकू : 7520

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | | 1 | | |
| | | | 2 | | | | | 8 |
| 3 | | 2 | | | 4 | 7 | 5 | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | | | | | | 9 | 2 | |
| | 5 | 8 | 7 | | | 2 | | 9 |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | | 1 | | | 6 | 8 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7519

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 8 | 9 |

# शिक्षा से व्यापार तक प्रगति के पथ पर नारी शक्ति




आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। संयुक्त राष्ट्र ने इस बार की थीम इंवेस्ट इन वीमेन : एक्सलरेट प्रोग्रेस तय की है। इस थीम का उद्देश्य दुनिया की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए भारत में पहले से काफी काम किए जा रहे हैं। आंकड़ों को देखें तो भारत में शिक्षा से लेकर व्यापार तक महिलाएं प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रही हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल 112वां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस बार की थीम इंवेस्ट इन वीमेनः एक्सलरेट प्रोग्रेस तय की है।

**प्रबंधन के वरीय पदों पर पिछले बीस साल में बढ़ा महिलाओं का आंकड़ा :** ग्रांट थॉर्नटन की वीमेन इन बिजनेस रिपोर्ट के अनुसार भारत में कंपनियों में प्रबंधन के वरीय पदों पर महिलाओं की संख्या दो दशक में करीब तीन गुना बढ़ी है। 2004 में देश में 12 फीसदी महिलाएं ही मैनेजमेंट में बड़े पदों पर थीं, आज इनकी संख्या बढ़कर 2024 में 34 फीसदी हो गई है। यह वैश्विक औसत से भी ऊपर है। जबकि यह औसत 33.5 प्रतिशत है।

**शिक्षा ने निभाया अहम रोल :** ग्रांट थॉर्नटन भारत में पार्टनर और भारत-यूके कॉरिडोर लीडर पल्लवी जोशी के अनुसार भारत में अधिक महिलाएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और नौकरी कर रही हैं। वे अधिक शिक्षित हैं और काम करने के लिए अधिक अधिक इच्छुक हैं। यह महत्वपूर्ण सांस्कृतिक है।



### इंवेस्ट इन वीमेनः एक्सलरेट प्रोग्रेस है इस साल की थीम


- व्यापार : दो दशक में करीब तीन गुना बढ़ी प्रबंधन के वरीय पदों पर महिलाएं
- शिक्षा : उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी 32 फीसदी बढ़ी
- विज्ञान, तकनीक इंजीनियरिंग तथा मैथैमैटिक्स(एसटीईएम) 43 फीसदी महिलाएं

### 1975 में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव दिया

महिला दिवस का चलन 1910 में शुरू हुआ था। क्लारा जेटकिन नाम की एक महिला ने इसकी बुनियाद रखी थी। दरअसल अमेरिका के न्यूयॉर्क में काम के घंटे कम करने और अच्छे वेतन के साथ मताधिकार के लिए पंद्रह हजार महिलाओं ने रैली निकाली थी। इसके बाद 1975 में डेनमार्क के कोपनहेगन में कामकाजी महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव दिया गया।


**02** दशक के दौरान प्रबंधन के वरीय पदों पर तीन गुना बढ़ी महिलाएं

### नेतृत्व की भूमिका में महिलाएं (प्रतिशत में)




स्रोत : ग्रांट थॉर्नटन

### एसटीईएम में कहां कितनी महिलाएं (प्रतिशत में)




ये आंकड़े पिछले साल वर्ल्ड बैंक ने जारी की थी जिसमें बताया था कि एसटीईएम में सबसे अधिक महिलाओं का आंकड़ा भारत में है।

स्रोत : वर्ल्ड बैंक

# दुनिया में लैंगिक असमानता का अंतर पहले से ज्यादा बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया में लैंगिक असमानता का अंतर पहले की तुलना में अधिक बढ़ा है। विश्व बैंक की ओर से जारी नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 190 देशों में कार्यस्थल पर महिलाओं को पुरुषों की तरह समान अवसर नहीं मिल रहा है। विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश भी इस अंतर को पाट नहीं हो पाए हैं।

विश्व बैंक ने रिपोर्ट को 'वीमेन, बिजनेस एंड लॉ' शीर्षक दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 98 देशों में महिलाओं को पुरुषों के बराबर समान काम के लिए कानून बना है, लेकिन सिर्फ 35 देशों ने इन कानूनों का निष्पक्ष रूप से पालन करने का नियम बनाया है।


**भारत की स्थिति:** भारतीय महिलाओं के पास पुरुषों की तुलना में सिर्फ 60 फीसदी कानूनी अधिकार हैं, जो औसत 64.2 फीसदी से कम है। हालांकि, भारत ने दक्षिण एशियाई देशों को पीछे छोड़ दिया है। जहां कानूनी सुरक्षा अधिकार सिर्फ 45 फीसदी है।

### लैंगिक समानता को लेकर देशों की रैंकिंग

| देश | स्कोर |
|---|---|
| नेपाल | 80.6 |
| चीन | 78.1 |
| भारत | 74.4 |
| श्रीलंका | 65.6 |
| पाकिस्तान | 58.5 |
| बांग्लादेश | 49.4 |
| अफगानिस्तान | 31.9 |
| ग्रीस, आइसलैंड | 100 |
| पेरू | 95.0 |

# मेरे जीवन के दस साल वापस कौन लौटाएगा : साईबाबा

नागपुर, एजेंसी। बंबई हाईकोर्ट द्वारा बरी किए गए दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को गुरुवार को नागपुर केंद्रीय कारागार से रिहा कर दिया गया। जेल आने के बाद उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के दस साल और मेरे सह-अभियुक्त का जीवन उन्हें वापस कौन लाएगा?



माओवादियों से कथित संबंध मामले में जेल में बंद थे

जेल से बाहर आने के बाद मीडियाकर्मियों ने संक्षिप्त बातचीत कहा कि इस बात की संभावना थी कि मैं जीवित बाहर नहीं आ पाता। डीयू के पूर्व प्रोफेसर, जो चलने-फिरने के लिए व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। उन्होंने अपने कारावास को बहुत कठोर और क्रूर बताया। यह आश्चर्य की बात है कि मैं आज जेल से जीवित बाहर आ गया। बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने मंगलवार को बरी किया था।

## देश 30s

### संसद की सुरक्षा चूक मामले में समय मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए और समय की मांग करते हुए अदालत में आवेदन दिया है। पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में दिए आवेदन में कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार है। पुलिस ने एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का समय और देने का अनुरोध किया।

### तेलंगाना में दो एमएलसी का नामांकन रद्द

हैदराबाद। सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को तेलंगाना हाईकोर्ट से करारा झटका लगा। हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्यपाल कोटे के तहत तेलंगाना राज्य विधान परिषद के सदस्यों के रूप में एम. कोदंडराम और आमेर अली खान के नामांकन रद्द कर दिए। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति अनिल कुमार जुकांति की खंडपीठ ने गुरुवार को रिट याचिकाओं पर फैसला सुनाया।

## उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 के विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती से सम्बन्धित विभिन्न पदों के साक्षात्कार सम्बन्धित सूचना निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | विज्ञापन संख्या | विभाग | विभाग संख्या | पद का नाम | साक्षात्कार की तिथि | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डी-4/ई-1/2023 | भूतत्व एवं खनिकर्म | एस-06/03 | सहायक रसायनज्ञ | 15 मार्च, 2024 | 02 |
| 2 | डी-2/ई-1/2023 | उ0प्र0 आयुष विभाग (आयुर्वेद) | एस-09/04 | रीडर शल्य तंत्र | 15 मार्च, 2024 | 01 |

नोटः- साक्षात्कार कार्यक्रम की विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है।

संख्या- 8(5)/विज्ञापन प्रकोष्ठ/2020-2021
दिनांकः प्रयागराज, 07 मार्च, 2024

विनोद कुमार सिंह
(संयुक्त सचिव)

## उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

**विज्ञप्ति**

सीधी भर्ती से सम्बन्धित विज्ञापनों के अन्तर्गत विज्ञापित पद जिनका विवरण निम्नवत् है:-

| Sr. | Advt. No. | Deptt. Name Post Name Deptt. No. |
|---|---|---|
| 1 | 1-2015-2016, | U.P. CHIKITSA SHIKSHA (AYURVEDIC) DEPARTMENT, PROFESSOR SANHITA SANSKRIT AND SIDDHANT, S-11-20 |
| 2 | 1-2015-2016, | U.P. CHIKITSA SHIKSHA (AYURVEDIC) DEPARTMENT, PROFESSOR KRIYA SHAARIR S-11-21 |
| 3 | 2-2016-2017, | PRINTING AND STATIONERY DEPTT. U.P., Assistant Director (Printing), S-09-01 |
| 4 | 1-2020-2021, | BUREAU OF PUBLIC ENTERPRISES U.P., DEPUTY DIRECTOR, S-09-04 |
| 5 | 1-2022-2023, | U.P. EMPLOYEES STATE INSURANCE LABOUR MEDICAL SERVICE, MEDICAL OFFICER (ALLOPATH), S-09-02 |
| 6 | 2-2022-2023, | U.P. AYUSH DEPARTMENT, MEDICAL OFFICER (AYURVEDA), S-09-01 |
| 7 | D-2-E-1-2023, | Uttar Pradesh Ayush Department, Reader Agad Tantra Evam Vidhi Ayurved, S-09-02 |

उक्त पदों के साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थियों के **प्राप्तांक एवं कट ऑफ अंक** आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक **11.03.2024** से **17.03.2024** तक उपलब्ध रहेंगे। अतः अभ्यर्थीगण अपने अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि के **आधार पर प्राप्तांक एवं कट ऑफ अंक अवलोकित/प्राप्त कर सकते हैं**। इस सम्बन्ध में यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त सीधी भर्तियों के परिणाम के सम्बन्ध में **सूचना का अधिकार अधिनियम-2005** के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे और न ही उन पर विचार किया जाएगा।

संख्या- 238/विज्ञप्ति/एस-09/2021-22
दिनांकः प्रयागराज 07 मार्च, 2024

वी.के. सिंह
(संयुक्त सचिव)

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) CIN- U40109UR2001SGC025867
कार्यालयः अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) न्यू फोरेस्ट, एफ0आर0आई0 कैम्पस, देहरादून।
Email: seedcurban@gmail.com Website: www.upcl.org

**ई-निविदा शुद्धि पत्र**

विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) देहरादून के अन्तर्गत ई-निविदा संख्या 55/वि0वि0म0(न0)/2023-24 में Tender Fees को रू0 2360 के स्थान पर रू0 5900.00 पढ़ा जायें। विस्तृत जानकारी हेतु बेबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखें।

पत्रांकः 2444/वि0वि0म0(न0)/देहरादून दिनांकः 07/03/2024 अधीक्षण अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800-419-0405

## भारतीय रिज़र्व बैंक

नई दिल्ली

**निविदा सूचना**

**"भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों के लिए सुरक्षा और संबद्ध सेवाएँ प्रदान करना"** के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के संपूर्ण विवरण हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in या www.mstcecommerce.com/eprochome/rbi देखें या संपदा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 में संपर्क करें। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 03 अप्रैल 2024 को 14:00 बजे तक है।**

**नोट** - उपरोक्त निविदा पर जारी शुद्धिपत्र, यदि कोई होता है, वह केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

क्षेत्रीय निदेशक
नई दिल्ली




## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**
**(ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर इन प्लेस ऑफ मैकेनिकल लिफ्टिंग बैरियर इन इंटरलॉकेड LC गेट्स ऑफ स्टेशन सेक्शन दिल्ली डिवीजन। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 1,44,15,817.85/- मात्र |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 2,22,100.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय दिनांक 07.03.2024/निविदा खुलने का दिनांक 01.04.2024 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्याः 558-सिगनल-16-एम-टेंडर-1418 दिनांकः 07.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 721/24

## केश किंग- बाल झड़ना रोके# | नए बाल उगाए




**बदलते मौसम, तनाव या प्रेग्नेंसी, बाल झड़ने की वजह कोई भी हो, मैंने सबसे असरदार केश किंग को ही पाया...**

अपनी प्रेग्नेंसी के दिनों में मेरी भाभी को झड़ते# बालों से राहत **केश किंग आयुर्वेदिक तेल** से मिली थी।

जब बदलते मौसम और तनाव के कारण मेरे बाल गिरने लगे, तब मेरी भाभी की सलाह से मैंने भी **केश किंग** अपनाया। इसके रोज़ाना इस्तेमाल से मुझे १५ दिनों में ही असर दिखने लगा और कुछ समय बाद तो मैं दंग ही रह गई। ना केवल मेरे बाल झड़ना# बंद हुए, साथ ही नए बाल भी उगने लगे।

अब कोई अगर मुझसे पूछे, मैं तो झड़ते# बालों से राहत पाने के लिए **केश किंग** की ही सलाह दूंगी।

-स्मिथा के (बेंगलुरु)

International Certificate




emami Kesh King
INDIA'S No1 HAIR FALL EXPERT

#अगस्त २०१८ में आयोजित किए क्लिनिकल अध्ययन के परिणामों के आधार पर. ^स्रोत: आयुर्वेदिक तेल पर कैन्टर वर्ल्ड पैनल के आंकड़े, अप्रैल २०२० से मार्च २०२२.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार
एलिम्को

" हमारी सरकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति का जीवनयापन आसान बनाने के लिए अथक रूप से कार्य कर रही है। चाहे वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति के लोग अथवा समाज के लाभवंचित वर्ग कोई भी हो, हमारी शीर्ष प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की सेवा करना तथा उनके हितों की रक्षा करना है "

— नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



## राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीआईपी स्कीम के माध्यम से सशक्तिकरण

राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीआईपी स्कीम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों के लिए जीवन सहायक यंत्रों का वितरण

बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों अथवा जिन लोगों की मासिक आय 15000/- से अधिक नहीं है

शिविर में नए लाभार्थियों के लिए पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध है

भारत सरकार द्वारा लागत का वहन किया जा रहा है

| दिनांक | कार्यक्रम का स्थान | समय |
|---|---|---|
| 08.03.2024 | श्री राम रंगमंच, कोटा | प्रातः11:00 बजे |
| 09.03.2024 | डिवाइन पब्लिक स्कूल, मारुति नगर खैराबाद, जिला कोटा | |
| 10.03.2024 | काशीपुरी हिन्दू धर्मशाला मैदान, सांगोद, जिला कोटा | |
| 11.03.2024 | कृषि उपज मण्डी, केशवपुराई पाटन, जिला बूंदी | प्रातः10:00 बजे |
| | पुरानी कृषि उपज मण्डी, बूंदी | दोपहर 12:00 बजे |

**श्री ओम बिड़ला**
माननीय अध्यक्ष, लोक सभा
की गरिमामयी उपस्थिति में

### वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में बदलाव

शिविर में 5700 चिन्हित लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण

राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीआईपी योजना के अंतर्गत 20476 उपकरणों का वितरण

वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन 14567

अधिक जानकारी के लिए, https://socialjustice.gov.in/ पर लॉग ऑन करें।

सोशल मीडिया पर फॉलो करें /सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

cbc 38101/13/0074/2324

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

■ इंग्लैंड की पहली पारी मात्र 218 रन पर सिमट गई ■ कुलदीप यादव ने पांच तो आर अश्विन ने झटके चार विकेट

# फिरकी के फंदे में फंसकर अंग्रेज ढेर



भारत दौरे पर इंग्लैंड

**धर्मशाला, एजेंसी।** बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने सात साल पहले इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में शानदार आगाज किया था। गुरुवार को अंग्रेजों के खिलाफ भी उनकी फिरकी का जादू दिखा। कुलदीप (72/5) के साथ ही 100वां टेस्ट खेल रहे अश्विन (51/4) की घूमती गेंदों पर इंग्लैंड की टीम मात्र 218 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारत ने पांचवें और अंतिम टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर खुद को फ्रंटफुट पर रखा।

**रोहित-यशस्वी के अर्धशतक :** रोहित (नाबाद 52) और यशस्वी (57) ने पहले विकेट के लिए 104 रन की तेजतर्रार साझेदारी करके भारत को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। दिन का खेल खत्म होने पर गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। मेजबान टीम अब इंग्लैंड से 83 रन पीछे है।

**कुलदीप ने दिए झटके :** कुलदीप ने इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो अश्विन ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। इंग्लैंड की ओर से क्राउले (79) शीर्ष स्कोरर रहे। वहीं 100वां टेस्ट खेल रहे बेयरेस्टो (29), डकेट (27), रूट (26) और फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

**अश्विन के तीन गेंद में दो विकेट :** बेयरेस्टो ने आक्रामक रवैया अपनाया पर अधिक नहीं टिक सके। वह दो छक्के व दो चौके मारने के बाद कुलदीप की गुगली पर जुरेल को कैच दे बैठे। जडेजा ने रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को एलबीडब्ल्यू किया। अश्विन ने तीन गेंद में हार्टले (6) और वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर आठ विकेट पर 183 रन किया। फिर चाय के बाद फोक्स (24) और एंडरसन (0) को चार गेंद के भीतर आउट करके इंग्लैंड की पारी समेटी।

**04** बार कुलदीप ने पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए

**06** हजार रन सौवां मैच खेल रहे बेयरेस्टो ने टेस्ट में पूरे किए

### 220 गेंद

में भारतीय स्पिनरों ने इंग्लैंड की पहली पारी समेटी। यह टेस्ट क्रिकेट में सभी विकेट लेने में स्पिनरों की ओर से खर्च की गई सबसे कम गेंद हैं। इससे पहले पाकिस्तान के स्पिनरों ने इंग्लैंड को 2022 में ढेर करने में 250 गेंद फेंकी थी।

### 48 साल बाद

भारतीय स्पिनरों ने पहले दिन सभी दस विकेट झटके। इससे पहले 1976 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऐसा किया था। वहीं घर में 1973 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ ही यह मुकाम हासिल किया था।

### पहली बार

धर्मशाला में 58 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में यह पहला मौका है जब पारी के सभी विकेट स्पिनरों ने चटकाए। इससे पहले 2007 में सौराष्ट्र ने रणजी में हिमाचल के नौ बल्लेबाजों को फिरकी में फंसाया था।




### कुलदीप के सबसे कम गेंदों में 50 विकेट

कुलदीप सबसे कम गेंदों में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने 1871 गेंदों में यह मुकाम हासिल कर अक्षर पटेल (2205) और बुमराह (2520) को पीछे छोड़ा। कुलदीप विकेटों का अर्धशतक लगाने वाले बाएं हाथ के कलाई के तीसरे स्पिनर हैं। वह पिछले 132 साल में सबसे कम गेंद में पचास विकेट लेने वाले पहले स्पिनर हैं। इंग्लैंड के जॉनी ब्रिग्स ने 1892 में 1512 गेंद में ऐसा किया था।

धर्मशाला में गुरुवार को मैच के पहले दिन इंग्लैंड के पांच विकेट चटकाने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव। ● एजेंसी



### जायसवाल दूसरे सबसे तेज एक हजारी

यशस्वी एक हजार रन सबसे तेज पूरा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने 16वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल कर पुजारा (18 पारियां) को पीछे छोड़ा। रिकॉर्ड कांबली (14 पारियां) के नाम है। यशस्वी 68 .53 की औसत से 1028 रन बना चुके हैं। दुनिया के छठे खिलाड़ी हैं सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचने वाले।

### 700 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय यशस्वी

एक सीरीज में 700 या अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय हैं। वह 712 रन बना चुके हैं। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 और 1978-79 में 732 रन बनाए थे। विराट कोहली इसमें (692 रन) तीसरे नंबर पर हैं।

■ यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने कोहली (655) को पीछे छोड़ा।

■ यशस्वी (26) एक देश के खिलाफ सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बने। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 छक्के जड़े थे।

### सीरीज में पांच पदार्पण

देवदत्त पडिक्कल टेस्ट खेलने वाले 314वें भारतीय बने। 28 साल में यह पहला मौका है जब पांच भारतीयों ने एक सीरीज में पदार्पण किया। इससे पहले 1996 में इंग्लैंड के खिलाफ ही उसकी सरजमीं पर छह भारतीयों ने सीरीज में पहली बार अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच खेला था। पडिक्कल के अलावा ध्रुव, सरफराज, आकाश दीप और रजत ने पदार्पण किया।

### संक्षिप्त स्कोर

**इंग्लैंड पहली पारी : 218/10 :** (जैक क्राउले 79 , डकेट 27, जो रूट 26, बेयरेस्टो 29, बेन फोक्स 24, शोएब बशीर नॉटआउट 11, रविचंद्रन अश्विन 51 पर 4, कुलदीप यादव 72 पर 5, रवींद्र जडेजा 17 पर 1)।
**भारत पहली पारी :135/1** (यशस्वी 57, रोहित नॉटआउट 52, गिल नॉटआउट 26, बशीर 64 पर 1)।

### रोहित शर्मा ने लगाया छक्कों का अर्धशतक

रोहित विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 50 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले पहले भारतीय जबकि दूसरे बल्लेबाज बने। वह 32 मैचों में 51 छक्के लगा चुके हैं। वह इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (78 छक्के, 44 मैच) के क्लब में शामिल हो गए।

## ब्रंट के दम पर मुंबई इंडियंस ने दर्ज की सबसे बड़ी जीत

डब्ल्यूपीएल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नैट साइवर ब्रंट (31 गेंद, 45 रन, 14/2) के ऑलराउंड खेल से मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को डब्ल्यूपीएल में यूपी वॉरियर्स को 42 रन से पराजित कर दिया। यह मौजूदा टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत है।

चौथी जीत के साथ मुंबई की टीम दूसरे नंबर पर पहुंच गई। मुंबई ने पहले ब्रंट, कप्तान हरमनप्रीत कौर (30 गेंद, 33 रन), केर (23 गेंद, नाबाद 39) और सजना (14 गेंद, नाबाद 22) के दम पर छह विकेट पर 160 रन बनाए। इसके बाद मुंबई की गेंदबाजों ने यूपी को नौ विकेट पर 118 रन पर रोक दिया।

यूपी की टीम दीप्ति (53 नाबाद) की पारी से ही सौ का आंकड़ा पार कर सकी। उनके अलावा ग्रेस हैरिस (15) और श्वेता सेहरावत (17) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। मुंबई ने आठ गेंदबाजों को आजमाया और अमेलिया केर व अमनजोज कौर को छोड़कर सभी ने विकेट लिए। सैइका इसहाक ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए।

## केन, साउदी का सौवां टेस्ट आज से

**वेलिंगटन, एजेंसी।** शीर्ष बल्लेबाज केन विलियम्सन और कप्तान टिम साउदी शुक्रवार से क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए 100वां टेस्ट खेलेंगे। इसे जीत मेजबान टीम सीरीज ड्रॉ करना चाहेगी। साउदी 16 और विलियम्सन 14 साल से टीम में हैं।

विलियम्सन ने न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा 8,675 रन बनाए हैं जो रॉस टेलर से लगभग हजार रन अधिक हैं। साउदी के नाम 378 टेस्ट विकेट हैं। वह न्यूजीलैंड की सर्वकालिक सूची में रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

## नडाल के हटने से नागल मुख्य ड्रॉ में

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने का मौका मिला है। उन्होंने स्पेन के राफेल नडाल के इंडियन वेल्स ओपन से हटने पर 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है।

**तैयार नहीं राफा :** शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। 37 साल के राफा चोटों से जूझ रहे हैं। पिछले सत्र में उन्हें कूल्हे का ऑपरेशन कराने को बाध्य होना पड़ा था। नडाल ने कहा, यह आसान फैसला नहीं है, मैं प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। मैंने खुद को परखा लेकिन इतने महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं था।

**नागल क्वालीफाइंग में हारे थे :** नागल क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हार गए थे। पर ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर मौजूद नागल पहले दौर में मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने 'एक्स' पर लिखा, इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण पर रोमांचित हूं।

## फ्रेंच ओपन : सिंधु दमदार वापसी कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

बैडमिंटन

**पेरिस, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन पीवी सिंधु ने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी भी महिला युगल के क्वार्टर में पहुंच गई है। लेकिन किदांबी श्रीकांत का सफर दूसरे दौर में थम गया।

**पिछड़ने के बाद जीतीं :** सिंधु ने लगातार दूसरे मैच में पहला गेम गंवाने के बाद जीत दर्ज की। गुरुवार को उन्होंने अमेरिका की बेवेन झांग को 13-21, 21-10, 21-14 से पराजित किया। यह झांग पर दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु की 12 मैच में सातवीं जीत है।

सत्र में पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम-8 में पहुंची दुनिया की 11वें नंबर की सिंधु को अब दूसरी वरीय चीन की चेन यु फेई की चुनौती से पार पाना होगा। चेन ने डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफरर्सन को लगातार गेम में 22-20, 21-18 से शिकस्त दी।




एक मुकाबले के दौरान सिंधु। ● फाइल फोटो

**श्रीकांत को मिली पहली हार :** श्रीकांत दुनिया के 17वें नंबर के लू गुआंग जू से पार नहीं पा सके। गुआंग ने श्रीकांत को 19-21, 21-12, 22-20 से हराया। श्रीकांत की यह गुआंग से छह मुकाबलों में पहली हार है।

**गायत्री-त्रीसा भी जीतीं :** गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी ने भी दूसरे दौर की बाधा पार कर ली। गायत्री-त्रीसा ने जापान की युकी फुकुशिमा और सायका हिरोता की जोड़ी को 21-18, 21-13 से बाहर का रास्ता दिखाया। दोनों जोड़ियां पहली बार आमने-सामने हुईं।

**झांग ने रैली में उलझाया :** सिंधु ने क्रॉस कोर्ट विनर से शुरुआत की लेकिन झांग ने भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों पर उलझाया। पर बाद में उन्होंने झांग पर बढ़त बनाई और फिर नेट पर प्रतिद्वंद्वी की गलती से मैच जीत लिया।

### महिला बैडमिंटन टीम को 35 लाख रुपये का इनाम

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ एशिया टीम चैंपियनशिप में देश को पहला स्वर्ण दिलाने वाली महिला टीम को 35 लाख रुपये का पुरस्कार देगा। महिला टीम और एशियाड में पुरुष टीम के साथ जाने वाले स्टाफ को भी आठ-आठ लाख रुपये का दिए जाएंगे। संघ ने कुल एक करोड़ 12 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। इसमें सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी के लिए 12 लाख का पुरस्कार भी शामिल है।

खेल 30s

### शिखर धवन का धमाका, पर टीम हारी



**नवी मुंबई।** भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की नाबाद 99 रन की पारी के बावजूद डीवाई पाटिल ब्ल्यू टीम डीवाई पाटिल टी-20 कप के पहले क्वार्टर फाइनल में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से छह विकेट से हार गई। 38 साल के धवन गुरुवार को यहां पारी का आगाज कर नाबाद लौटे। उन्होंने 51 गेंद पर आठ चौके और छह छक्के से नाबाद 99 रन बनाए। इससे डीवाई पाटिल ब्ल्यू ने छह विकेट पर 182 रन बनाए। इसके जवाब में कैग ने सलामी बल्लेबाज वरुण लवांडे (73) और समरवीर सिंह (45) की तेज पारियों से 19.1 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बना जीत दर्ज की।

### भारतीय पैरा तीरंदाजों ने तीन पदक जीते

**दुबई।** राकेश कुमार के दो पदकों से भारतीय तीरंदाज गुरुवार को आठवें फाजा पैरा तीरंदाज विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर लौटे। राकेश ने कंपाउंड में इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग को 147-143 से हरा स्वर्ण जीता। फिर उन्होंने शीतल देवी के साथ कोरिया के प्रतिद्वंद्वी को 155-152 से हरा मिश्रित टीम ओपन में कांस्य जीता। पूजा को रिकर्व ओपन फाइनल में इटली की एलिसाबेटा मिज्नो से 0-6 से हारकर रजत मिला।

### टेनिस : सोनल को हराकर सहजा अंतिम आठ में

**नागपुर।** भारत की सहजा यमलापल्ली ने गुरुवार को नागपुर ओपन आईटीएफ में युवा क्वालीफायर सोनल पाटिल को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एकल में एकमात्र भारतीय सहजा का सामना कोरिया की डायोन बैक से होगा। युगल में श्रीवल्ली रश्मिका भामिदिपति और वैदेही चौधरी ने स्वीडन की फैनी ओस्टलुंड और रूस की कैटरीना याशिना को 6-2, 7-6 से हरा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कोरिया की यियोनवू कु ने रोमानिया की इरीना मारिया बारा को 6-4, 3-6, 6-1 से हरा बड़ा उलटफेर किया।

### कुश्ती महासंघ ट्रायल का सर्कुलर वापस लेगा

**नई दिल्ली।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के लिए चयन ट्रायल आयोजित करने पर अपना परिपत्र वापस ले लेगा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने कहा कि ट्रायल मामलों की निगरानी करने वाली तदर्थ समिति द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार आगे बढ़ेगा। तदर्थ समिति ने 9 फरवरी को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि वह एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर (19-21 अप्रैल) और विश्व ओलंपिक क्वालीफायर (9-12 मई) के लिए 10 और 11 मार्च को नेताजी में ट्रायल आयोजित करेगा।

### मराइस इरास्मस टेस्ट अंपायरिंग से संन्यास लेंगे



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के मराइस इरास्मस शुक्रवार से न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय अंपायरिंग से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने गुरुवार को अंपायरों के एमिरेट्स आईसीसी इलीट पैनल से संन्यास लेने के फैसले की घोषणा की। बतौर अंपायर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट उनका 380वां मैच होगा जिसमें से 131 में वह टीवी अंपायर रहे। तीन महिला टी-20 विश्व कप (2010, 2012, 2014) में भी इरास्मस अंपायरिंग कर चुके हैं।

### अवनि-मनीष करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा और मनीष नरवाल शुक्रवार से शुरू होने वाले पैरा निशानेबाजी विश्व कप में 31 सदस्यीय भारतीय दल की अगुआई करेंगे। देश में पहली बार इस चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। इसमें 44 देशों के 267 निशानेबाज चुनौती पेश करेंगे। यह पेरिस कोटा हासिल करने का अंतिम टूर्नामेंट है। इस दौरान 20 पेरिस कोटे दाव पर लगे होंगे। पेरिस पैरालंपिक खेल के लिए दोनों पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। लेखरा टोक्यो पैरालंपिक मे पोडियम पर पहुंचने वाली देश की पहली महिला थीं।

### गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा को बार्टेल ने रोका

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने प्राग मास्टर्स शतरंज में आठवें दौर में गुरुवार को जर्मनी के विन्सेंट केमेर को शिकस्त दे दी। हालांकि आर प्रज्ञाननंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा। उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर रहते खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त ले ली है।

### अनवर और जैकसन की संभावितों में वापसी

**नई दिल्ली।** चोट के कारण एशियाई कप टीम से बाहर किए गए सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली और मिडफील्डर जैकसन सिंह को गुरुवार को 35 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। भारतीय टीम को इस महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच खेलना है। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में और फिर 26 मार्च को गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर मैच खेलेगा।

### सोशल मीडिया से

X ध्रुव जुरेल भी दिग्गज विकेटकीपर महेंद्र सिंह धौनी के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। जैसे धौनी भांप लेते थे कि बल्लेबाज कहां खेलेगा वैसे ही जुरेल भी कर रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के आउट होने पहले ही कुलदीप को बोल दिया था वह आगे निकलकर खेलेगा। जुरेल की भविष्यवाणी बिल्कुल सही साबित हुई। पोप ने क्रीज से बाहर निकल गेंद खेलने का प्रयास किया और जुरेल ने गिल्लियां बिखेरने में देर नहीं की। पोप के इस विकेट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## भाले के लिए मोहताज पाक का नंबर-1 थ्रोअर अरशद

आर्थिक तंगी

**कराची, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान की एकमात्र पदक उम्मीद अरशद नदीम ने कई साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर का नया भाला नहीं खरीद सके हैं। नदीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल में 90.18 मीटर का थ्रो लगाकर रिकॉर्ड के साथ खिताब जीता था। इससे पाक ने 60 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीता था।

**सात-आठ साल पुराना भाला :** उन्होंने गुरुवार को कहा कि उनके पास एक ही भाला है जिसका वह सात-आठ साल से इस्तेमाल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, अब भाला खराब हो गया है। मैंने राष्ट्रीय महासंघ तथा कोच से पेरिस ओलंपिक से पहले इसका कुछ करने को कहा है। मैंने 2015 में जब खेलना शुरू किया था, तब यह भाला लिया था। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन नदीम ने घुटने की परेशानी के कारण पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग नहीं लिया था। नदीम ने हाल में कोहनी की समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी भी कराई थी।



90.18 मी. की रिकॉर्ड थ्रो से बने थे राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन

**पदक के लिए सुविधाएं जरूरी :** उन्होंने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के पास उचित उपकरण और अभ्यास सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि टोयोटा कार निर्माता कंपनी से प्रायोजन करार के बाद अब उनकी दिक्कतें कम होंगी।

जीता दिल | 100वें टेस्ट के लिए खुद गेंद रखने के बजाए पांच विकेट लेने वाले कुलदीप को सौंपी, टेस्ट मैच में इस मुकाम तक पहुंचने वाले 14वें भारतीय क्रिकेटर बने

## अश्विन ने दोस्ती की पिच पर फेंकी दरियादिली की 'स्पिन'

**धर्मशाला।** दुनिया के हजारों क्रिकेटरों में चंद ही ऐसे हैं जो करियर के दौरान ही 'लीजेंड' बन गए। रविचंद्रन अश्विन उनमें से एक नाम है। धर्मशाला में 100वां टेस्ट खेल रहे चेन्नई के इस खिलाड़ी ने दोस्ती की पिच पर भी दरियादिली की ऐसी स्पिन फेंकी जो सभी का दिल जीत ले गई। उनके साथी कुलदीप यादव के लिए यह लम्हा यादगार बन गया।

दरअसल, इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद टीम जब पवेलियन की ओर लौट रही थी। तब मैच में पांच विकेट लेने वाले कुलदीप यादव ने गेंद अश्विन की ओर उछाली। वह चाहते थे कि 100वें टेस्ट की दुर्लभ उपलब्धि के तौर पर वह इसे अपने पास रखें। मगर अश्विन ने तुरंत गेंद वापस कुलदीप की ओर उछाल दी।

उनकी मंशा साफ थी कि कुलदीप पांच विकेट के यादगार के तौर पर गेंद अपने पास रखें। कुलदीप ने फिर इसे वापस देने की कोशिश की मगर अश्विन ने उन्हें जोर देकर गेंद थमा दी। कुलदीप मना नहीं कर सके और गेंद वाला हाथ हवा में लहराते हुए आगे चल दिए जबकि अश्विन उनके पीछे तालियां बजाते हुए अन्य सदस्यों के साथ चलते रहे। बीसीसीआई ने एक्स पर इसका वीडियो पोस्ट कर दोनों की खेल भावना की तारीफ की तो हजारों यूजर्स का भी इन दोनों स्पिनरों ने दिल जीत लिया।

इससे पहले अश्विन ने सुबह कोच राहुल द्रविड़ से विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त की। उन्होंने कहा, यह शतक उनसे ज्यादा उनके परिजनों के लिए मायने रखता है। उन्होंने कहा, 100वां टेस्ट मेरे पिता, मां, पत्नी और यहां तक कि मेरे बच्चों के लिए अधिक मायने रखता है। एक खिलाड़ी की यात्रा के दौरान परिवार को बहुत कुछ सहना पड़ता है। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय अश्विन ने कहा, यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति (पिता) के लिए ज्यादा भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), मुझे याद है। मैं किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था। फिर वह मुझे बाइक पर कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी बेटे को मीलों आगे ले जाना चाहता था, वहां जहां की उन्होंने कल्पना की थी। इसमें मां और दादाजी का भी अहम योगदान रहा। उन्होंने पत्नी प्रीति का संघर्ष के दिनों में साथ खड़ी रहने पर आभार व्यक्त किया। मैदान पर प्रवेश करते हुए अश्विन को खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।




### 'याद रखें सिखाता टेस्ट क्रिकेट ही है'

अश्विन ने आईपीएल के संबंध में कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय टूर्नामेंट है। बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। लेकिन याद रखें टेस्ट क्रिकेट वो प्रारूप है जो आपको वह सिखाएगा जो जीवन नहीं सिखाता। मेरे ख्याल में टेस्ट क्रिकेट ही जीवन है जो आपको दबाव से निपटना और खुद को हालात के हिसाब से ढालना सिखाता है।

> आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। -राहुल द्रविड़

धर्मशाला में गुरुवार को 100वें टेस्ट की विशेष कैप लिए पत्नी और बेटियों के साथ भारतीय गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन। ● एजेंसी


वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।







FOLLOW US ON: @tvsraiderofficial | TVS RAIDER | VISIT US AT: www.tvsmotor.com/tvs-raider

* Ex-showroom price of single-seat Disc variant in Delhi. # Under TVSM internal test conditions. ** Finance plans are mutually exclusive and cannot be clubbed with each other. Credit will be at the sole discretion of the financier.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com *EAST DELHI: BINSAR TVS:* दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी - 9821258420, सोनिया विहार - 9821260573 मंडोली एक्स. - 9821260735 शेरपुर चौक - 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क - 9821267418 *Bajwa TVS:* कृष्णा नगर - 8527320253 गीता कॉलोनी - 8527320841 *S. D. TVS:* दिलशाद गार्डन - 9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर - 9821268264 *G. K. TVS:* लक्ष्मी नगर - 9821271831 मयूर विहार फेज -3 - 6366448953 मधु विहार - 9821259935 न्यू अशोक नगर - 6366448954 *NORTH DELHI: MCR TVS:* सरस्वती विहार - 9821266109 मंगोलपुरी - 9821275868 रानीबाग - 9821274695 नरेला - 9821275636 किरारी - 9821274603 बवाना - 9821276084 कराला - 9821276104 *Rajpoot TVS:* आदर्श नगर - 9821269664 बुरारी - 9821255945 बख्तावरपुर - 9821256045 लिबासपुर - 9821254265 महेन्द्र एन्क्लेव - 9821256460 *Sabharwal TVS:* रिठाला - 9821259732 बुध विहार - 9821259748 *SOUTH DELHI: OM TVS,* लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज - 9821261765 बदरपुर, जैतपुर - 9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाइन बाग - 9821266451 *Ahinsha TVS:* खानपुर - 9821271221 अधचीनी : 9821268018 आया नगर - 9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 *RIDE TVS:* बीकाजी कामा प्लेस - 011 41706608/9582890607 *K K TVS:* कापसहेड़ा - 9821261661 *CENTRAL DELHI: Balaji TVS:* शास्त्री नगर - 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग - 6366448959 *Sabharwal TVS:* करोल बाग - 9821258099 *MY TVS:* दरियागंज - 6366448948 *WEST DELHI: S K TVS:* तिलक नगर - 9821269360 सुभाष नगर - 9821276304 नवादा - 9821276377 डाबरी मोड़ - 9821254451 आउटर रिंग रोड, विकासपुरी - 9821255645 *Dynamic TVS:* द्वारका - 9821271426 पालम - 9870327342 रामफल चौक - Sec-7 : 9870327413 उत्तम नगर: - 9870327453